अष्टमी और माता महागौरी की पूजा आज

दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

राजस्थान में भारत नवनिर्माण पार्टी का जेजेपी... p6

■ वर्षः1 ■ अंकः 43 ■ मूल्यः 3 ■ पृष्ठः 08 ■ प्रधान संपादकः सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ रविवार ■ 22 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

प्राइवेट नौकरी में आरक्षण देने के मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शनिवार को निजी क्षेत्र में राज्य के निवासियों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण देने वाले हरियाणा के कानून के बहुप्रतीक्षित मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस संधावालिया और जस्टिस हरप्रीत कौर जीवन की खंडपीठ ने हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए कानून की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाने वाले राज्य के कई औद्योगिक निकायों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह दूसरी बार है कि जब हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा है। इससे पहले 17 मार्च, 2022 को हाई कोर्ट ने उस कानून का विरोध और बचाव करने वाले सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालाकि, इस साल अप्रैल में, हाईकोर्ट ने मामले की दोबारा सुनवाई शुरू की थी और अब लगभग छह महीने तक इस मुद्दे पर फिर से सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया है।

पाकिस्तान में आतंकी दाऊद मलिक की गोली मार कर हत्या

नई दिल्ली। पाकिस्तानी के उत्तरी वजीरीस्तान में आतंकी दाऊद मलिक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। वह वैश्विक आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का करीबी बताया जाता है। बता दें कि विदेशों में छिपे आतंकियों की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्याएं की जा रही हैं।

जैश-ए-मोहम्मद के अलावा दाऊद मलिक, लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी से भी जुड़ा हुआ था। बता दें कि मसूद अजहर, हाफिज सईद, लखवी और दाऊद इब्राहिम आदि को यूएपीए के तहत भारत सरकार ने आतंकी घोषित किया है। पिछले दिनों पठानकोट हमले का मास्टर माइंड आतंकी शाहिद लतीफ और आईएसआई का एजेंट मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज की भी गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

मुख्यमंत्री ने नूंह में शांति समिति की बैठक में अमन-चैन बनाए रखने का दिया संदेश

नूंह में लाएंगे यमुना का पानी : मनोहर लाल

सीएम बोले, केएमपी के साथ पाइप लाइन बिछाई जाएगी

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेवात क्षेत्र में 108 एकड़ में फैली कोटला झील को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा केएमपी के साथ स्पेशल पाइप लाइन बिछाकर यमुना का पानी भी नूंह जिला के लिए लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नूंह जिला को आकांक्षी जिला में शामिल करके इसे अन्य जिलों के बराबर खड़ा करने का संकल्प लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि व कानून के अलावा हर मानदंड पर इस क्षेत्र को आगे ले जाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी नूंह जिला की पूरी फिक्र करते हैं। वे जब भी उनसे मिलते हैं तो वे मेवात क्षेत्र के विकास की प्रगति के बारे में जरूर पूछते हैं और हमेशा मेवात को आगे बढ़ाने की बात बोलते हैं। हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री के इस क्षेत्र के विकास के संकल्प को सिद्ध करना है।मुख्यमंत्री शुक्रवार देर सायं यहां लघु सचिवालय में शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनोहर लाल ने नूंह जिले के लोगों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा अवश्य दिलाएं। हरियाणा सरकार का प्रयास है कि यहां पर बड़े स्तर पर उद्योग स्थापित किए जाएं ताकि युवाओं को रोजगार मिले।

सूझबूझ से हिंसा की घटनाएं नियंत्रित हुई

शांति समिति की बैठक में पहुंचने पर शांति समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश भाग्यशाली है कि जहां इतने साफ और नेक दिल इंसान मुख्यमंत्री प्रदेश को मिले हैं। सभी ने एक सुर में कहा कि सीएम की समझदारी व सूझबूझ से ही नूंह हिंसा की घटनाएं नियंत्रित हो पाई। सीएम ने कहा कि नूंह में 31 जुलाई को हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। हम सबको एक दूसरे के विचारों का सम्मान करना चाहिए। यह देश सभी धर्म व पंथों का देश है। इतनी विभिन्नताएं होते हुए भी हम सब एक हैं। दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जहां के लोग सबसे अधिक सहनशील हैं। जहां असहनशीलता होती है वहां सभी समाज व देश का नुकसान होता है।

मेवात क्षेत्र का इतिहास मजबूत भाईचारे का रहा है

मनोहर लाल ने कहा कि नूंह मेवात क्षेत्र का इतिहास भाईचारा का रहा है। हर समाज को अपने धार्मिक कार्यक्रम करने का अधिकार है। इस भाईचारे को बिगाड़ने वालों के मंसूबों को किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने देंगे। सीएम ने स्पष्ट किया कि नूंह हिंसा में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। निर्दोष लोगों को कोई भी आंच नहीं दी आएगी।सबको एकजुट होकर अपराधियों को पकड़वाने में जिला व पुलिस प्रशासन की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंसा के दौरान हुए जिनका नुकसान हुआ है क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से उन्हें मुआवजा दिया है। जो मामले बचे हुए हैं उनकी जांच की जा रही है। इस मौके पर सोहना के विधायक कंवर संजय सिंह, आईजी राजेंद्र कुमार, उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजरानिया, वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन, जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानीराम मंगला सहित सभी समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

बोले, हमारा पुलिस बल देश में अग्रणी, इस पर हमें गर्व

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाईन नूंह में पहुंचकर ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद डीएसपी श्री सुरेंद्र मांझू के बेटे डीएसपी (अंडर ट्रेनिंग) सिद्धार्थ व शहीद सिपाही सत्यवीर की धर्मपत्नी सुनीता देवी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। बता दें कि हिसार के गांव सारंगपुर निवासी डीएसपी सुरेंद्र मांझू तावडू में अवैध खनन को रोकने के दौरान शहीद हो गए थे। सिपाही सत्यवीर अवैध खनन रोकने के प्रयास में एक नाके पर शहीद हो गए थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने पिछले एक साल के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में अपने कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए 189 सैनिकों के नाम पढ़े। सभी शहीदों को नमन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों के त्याग, समर्पण और बहादुरी की कहानी को आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल के तौर पर रखना समाज की जिम्मेदारी है। पुलिस की ड्यूटी चुनौतीपूर्ण व जोखिम भरी होती है। उन्होंने कहा कि अपनी कर्तव्य निष्ठा व जरूरत पड़ने पर हमेशा बलिदान देने को तत्पर

रहने वाली हरियाणा पुलिस फोर्स पर हमें गर्व है।उन्होंने कहा कि ड्यूटी करते हुए यदि कोई पुलिसकर्मी शहीद होता है तो उनके परिवारजनों को सरकार ने आर्थिक सहायता राशि के साथ-साथ एक्सग्रेशिया में नौकरी का प्रावधान किया है।पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मचारियों के लिए फ्लैट की व्यवस्था तथा सामुदायिक केंद्र व जिम की व्यवस्था की गई है।

पुलिस स्मृति दिवस

पीएम ने की पुलिसकर्मियों के अथक समर्पण की सराहना

नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर मुख्य समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल

नई दिल्ली,एजेंसी।

देशभर में 21 अक्टूबर के दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुलिसकर्मियों के 'अथक समर्पण' की सराहना की। वहीं राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस के वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों को नमन किया। पुलिस स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पुलिस बल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हम अपने पुलिसकर्मियों के अथक समर्पण की प्रशंसा करते हैं। वे सहयोग, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नागरिकों का मार्गदर्शन करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मजबूत स्तंभ रहे हैं। सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वीरता की सच्ची भावना का प्रतीक है। अपना जीवन बलिदान करने वाले उन तमाम पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि। नई दिल्ली में पुलिस स्मृति दिवस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर मुख्य समारोह आयोजित कर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी यूपी सरकार : योगी

लखनऊ में शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2022-23 में कर्तव्य की बेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों में प्रदेश पुलिस बल के तीन बहादुर पुलिस कर्मी शामिल हैं। हमारे जांबाज पुलिस कार्मिकों का यह सर्वोच्च बलिदान हमें निरंतर कर्तव्य पथ पर पूर्ण निष्ठा एवं दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। शहीद पुलिसजनों के परिवार के सदस्यों के साथ सभी जरूरी कदम उठाने के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

अलवर शहर से संजय शर्मा को पार्टी ने मैदान में उतारा

भाजपा ने इस लिस्ट में 10 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया

नई दिल्ली,एजेंसी।

शनिवार को राजस्थान के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की दूसरी और कांग्रेस ने अपनी सूची जारी की। कांग्रेस ने इस सूची में 33 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इस सूची के अनुसार, सीएम गहलोत को सरदारपुरा, सचिन पायलट को टोंक से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के अन्य उम्मीदवारों में कृष्णा पुनिया को सादुलपुर, गोविंद सिंह डोटासरा को लच्छमनगढ़, दानिश अबरार को सवाई माधोपुर, चेतन सिंह चौधरी को दीदवाना, विजयपाल मिर्धा को देगाना, महेंद्र विश्नोई को लुनी, सीपी जोशी को नाथद्वारा, अशोक चंदाना को हिंडोली से टिकट दिया गया है। भाजपा ने अपनी दूसरी सूची जारी की है। इसमें 83 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश पुनिया को अंबेर सीट से, कैलाश चंद वर्मा को बगरू सीट से टिकट दिया गया है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को

झालरापाटन से टिकट दिया है। इस लिस्ट में कुल 10 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। भाजपा ने अलवर शहर से संजय को टिकट दिया है।

11 जिलों के एसपी इंजीनियरिंग ग्रेजुएट

आईजी या एडीजीपी रैंक के अधिकारी भी किसी से कम नहीं

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा में पुलिस के आला पदों पर तैनात अधिकतर आईपीएस भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों की शैक्षणिक योग्यता इंजीनियरिंग डिग्री अर्थात बीई /बीटेक (बैचलर आफ इंजिनियरिंग / बैचलर आफ टेक्नोलॉजी) है।

राज्य में कुल 22 राजस्व ज़िले हैं हालांकि हिसार ज़िले में हांसी सब-डिवीज़न (उपमंडल) और सिरसा जिले में डबवाली सब-डिवीजन को हरियाणा पुलिस कानून, 2007 के अंतर्गत विशेष तौर परे पुलिस जिला बनाया गया है जहाँ पर आईपीएस या एचपीएस (हरियाणा पुलिस सेवा) कैडर के वरिष्ठ अधिकारी की एस.पी. पद पर तैनाती की जाती है।

आईजी या एडीजीपी रैंक के अधिकारियों की योग्यता भी कम नहीं

हेमंत ने बताया कि प्रदेश में चार ज़िलों गुरूग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और सोनीपत में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था है इसलिए वहाँ जिला एसपी की बजाय आईजी या एडीजीपी रैंक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को पुलिस कमिश्नर तैनात किया जाता है। वर्तमान में गुरूग्राम के पुलिस कमिश्नर 1998 बैच के आईपीएस विकास अरोड़ा और 1999 बैच के आईपीएस और अंबाला पुलिस रेंज के आईजी सीबास कबिराज, जिनके पास पंचकूला पुलिस कमिश्नरेट का अतिरिक्त कार्यभार है और 2004 बैच के आईपीएस और करनाल पुलिस रेंज के आईजी सतेन्द्र कुमार गुप्ता की शैक्षणिक योग्यता भी इंजीनियरिंग डिग्री है।

यहां एसपी भी बीटेक हैं

उन्होंने बताया कि प्रदेश के वर्तमान 11 ज़िलों में एस.पी. के पदों पर तैनात पुलिस अधिकारियों के पास भी बीई/ बीटेक की डिग्री है जिसमें अंबाला जिले में एसपी पद पर तैनात 2012 बैच के आईपीएस जशनदीप रंधावा, 2013 बैच की आईपीएस और फतेहाबाद जिले की एसपी आस्था मोदी, उन्हीं के 2013 बैच के है आईपीएस और रोहतक जिले के एसपी हिमांशु गर्ग, 2015 बैच के आईपीएस और सीएम सिटी करनाल जिले के एसपी शशांक कुमार सावन, उन्हीं के 2015 बैच के आईपीएस और हिसार जिले के एसपी मोहित हांडा और 2015 बैच के आईपीएस और नूंह जिले के एसपी नरेंद्र बिजरनिया, 2016 बैच के आईपीएस और हांसी पुलिस जिला एसपी मकसूद अहमद,2017 बैच के आईपीएस और भिवानी जिले के एसपी वरुण सिंगला, उन्हीं के 2017 बैच के आईपीएस और महेन्द्रगढ़ जिले के एसपी नीतीश अग्रवाल, 2017 बैच के आईपीएस और पानीपत जिले के एसपी अजीत सिंह शेखावत और 2017 बैच के आईपीएस और सिरसा जिले के एसपी विक्रांत भूषण सभी इंजिनियरिंग ग्रेजुएट हैं. वहीं 2014 बैच के 3 आईपीएस एमबीबीएस ग्रेजुएट हैं जिनमें डा.अंशु सिंगला पलवल की एसपी, डा. नितिका गहलोत चरखी दादरी की एसपी और डा. अर्पित जैन झज्जर के एसपी पद पर हैं।

अद्भुत संयोग

बहरहाल, हरियाणा में डीजीपी/ एडीजीपी (पुलिस महानिदेशक/ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक)/ रेंज आईजी के अहम पदों पर मौजूदा तैनात और ज़िलों के वर्तमान पुलिस कमिश्नर/ पुलिस अधीक्षक के पदों पर तैनात आईपीएस अधिकारियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड सम्बन्धी जानकारी एकत्रित कर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व हरियाणा के डीजीपी पद पर तैनात 1990 बैच के आईपीएस शत्रुजीत सिंह कपूर, 1989 बैच के आईपीएस और प्रदेश के जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील,1991 बैच के आईपीएस और होमगार्ड के एडीजीपी एसके जैन, 1992 बैच के आईपीएस और प्रदेश की क्राईम ब्रांच (हरियाणा) के एडीजीपी अजय सिंघल, 1993 बैच के आईपीएस और प्रदेश सीआईडी के एडीजीपी आलोक मित्तल और उन्हीं के 1993 बैचमेट और हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो और टेलीकॉम के एडीजीपी एएस चावला सभी इंजीनियरिंग ग्रेजुएट हैं जोकि निश्चित तौर पर एक अदभुत संयोग है। यही नहीं,1994 बैच के आईपीएस और वर्तमान में हिसार पुलिस रेंज के एडीजीपी पद पर तैनात श्रीकांत जाधव के पास भी इंजीनियरिंग की डिग्री है।

अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा ने दैनिक भरोसा से साझा किये अपने अनुभव

सही दिशा, लगन और मेहनत ने दिलाई आईएएस की परीक्षा में सफलता

सही दिशा, लगन और मेहनत के दम पर आपको कामयाबी की बुलंदियों को छूने से कोई रोक नहीं सकता । यह मानना है गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा का । राजस्थान के गांव कारौली में किसान परिवार में जन्में हितेश कुमार ने आईएएस बनने तक का सफर और पिछले चार से प्रशासन चलाने का अनुभव दैनिक भरोसा के साथ साझा किया। प्रस्तुत है उनसे बातचीत ।

साक्षात्कार

प्रश्नः करियर के सफर में किस तरह की परिस्थिति आपके सामने आई

जवाबः मेरी शुरुआती शिक्षा मेरे गांव करौली के सरकारी स्कूल में हुई जोकि राजस्थान में है। उसके बाद 11वी और 12वी के लिए मै कोटा गया और वहीं मैंने आईआईटी की तैयारी की। आईआईटी बीएचयू से मैंने बीटेक किया। सिविल इंजीनियरिंग में उसके बाद मैंने गेट नाम से एक परीक्षा दी। उसके बाद आईटी दिल्ली में एमटेक में एडमिशन लिया। उसके बाद जब मैंने सिविल सर्विसेज की परीक्षा दी तो मेरा इंडियन फारेस्ट सर्विसेज सिलेक्शन हुआ जिसमे मेरा ओडिसा कैडर था। उसके बाद तीसरी बार में सिविल सर्विसेज में मेरा नंबर आया तो हरियाणा केडर मिला।

प्रश्नः करियर को लेकर अक्सर देखा गया है कि सबको तनाव रहता है इस बारे में आप क्या कहेंगे?

जवाबः जी बिल्कुल अक्सर ऐसा देखा जाता है कि लोग करियर को लेकर तनाव में रहते हैं। इसका कारण है कि हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था खासकर सरकारी स्कूलों में वो नहीं मिल पाता जोकि प्राइवेट स्कूल में मिलती है। लेकिन अब धीरे धीरे सभी सरकारी स्कूल एडवांस होते जा रहे है ज्योकि बच्चों के लिए अहम है।अक्सर देखा गया है की 10वीं के बाद बच्चे बच्चे परेशान रहते है कि कोनसा सब्जेक्ट लें। उसके बाद डिग्री करने बाद भी तनाव रहता है कि कौन सी फील्ड में जाना है । ऐसे में मैं मानता हूँ कि हमेशा उत्साहित करने वाली स्थिति को याद करना चाहिए और जीवन में एक लक्ष्य होना भी जरूरी है। हमेशा सबकी लाइफ में कुछ न कुछ ऐसा हुआ होता हो जो आपको उत्साहित करता है तो उस तनाव के समय में उस पल को याद करना ही तनाव से मुक्ति दिला देगा । अगर में अपनी बात करू तो मुझे याद है कि जब भी बस स्टैंड हो या रेलवे स्टेशन हो या कोई पब्लिक प्लेस हो मैं ऐसे लोगो को देखता था जो पूरा दिन भूखे प्यासे रहते थे सुबह किसी ने खाना दे दिया तो खा लिया वर्ना भूखे ही पूरा दिन निकल जाता था तभी मैंने अपना लक्ष्य चुन लिया की कुछ ऐसा करना है कि मैं ऐसे लोगो की मदद कर सकूं।

प्रश्नः जैसे आप ग्रामीण परिवेश से आते हैं तो आपको क्या लगता है गांव बच्चे भी इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं ?

जवाब : जी हां बिल्कुल आईएएस की परीक्षा ऐसी है कि कोई भी परीक्षार्थी सही दिशा,लगन और मेहनत करे तो परीक्षा पास कर सकता है । जरुरत है अपनी सोच को बड़ी करने की और दृढ़ निश्चय की । मैं अपनी बात करू तो जब मैं तैयारी करता था और मैं भी ग्रामीण परिवेश से आता हूँ तो मेरी सोच एकदम सकारात्मक रहती थी। मुझे जिंदगी एक बार मिली है और जो कुछ भी बनना है इसी जिंदगी में बनना है उदहारण के तौर पर अगर आप एलडीसी कि परीक्षा दे रहे हो तो आप ये सोच कर तो कम नहीं पढ़ोगे कि ये छोटी सी परीक्षा है दो घंटे बहुत है लेकिन आप अपना 100 प्रतिशत देते है तो अगर 100 प्रतिशत ही देना है तो क्यों न लाइफ का सबसे बड़ा सपना देखा जाए। एक बड़ी उत्साहित करने वाली बात है जो मुझे हमेशा याद रहती है कि आप गरीब परिवार में पैदा हुए इसमें आपका कोई कसूर नहीं लेकिन अगर आप गरीब रहकर ही स्वर्गवासी हो जाते हो तो इसमें सारी गलती आपकी है क्योंकि आपको पूरा जीवन मिला था अपनी और अपने परिवार की आर्थिक हालत सुधारने का।

प्रश्नः दो बार परीक्षा में असफल रहकर भी तीसरी बार में सफल होना इस पर क्या कहेंगे?

जवाब : जी बिल्कुल दो बार मैं असफल रहा और काफी मायूस भी हुआ लेकिन मुझे याद है जब मै दूसरी बार असफल रहा तो मैं अपने गांव करौली चला गया। वहां मैंने अपने दादाजी को बताया कि इस बार भी रीक्षा पास नहीं कर पाया तो जो उन्होंने मुझे एक बात कही। मेरे अंदर एक ऐसी ऊर्जा का संचार हुआ और उसी समय मैंने सोच लिया था कि इस बार परीक्षा को किसी भी सूरत में पास करना है। दादाजी ने कहा था कि मायूस क्यों होते हो। मैं एक किसान हूँ अगर किसी सीजन में किसी भी कारण फसल नहीं होती है तो ऐसा नहीं है कि हम खेती ही छोड़ दें। हम उसमे कोई और फसल उगाते है। और कामयाब होते है थोड़ा सोचो की दो बार से गलती कहा हो रही है। उसका पता लगाओ और उस पर ध्यान केंद्रित करो, फिर देखों जीत निश्चित ही तुम्हारी होगी।

मेरी सोच एकदम सकारात्मक रही, गलती का पता लगते ही पहले उसे सुधारा

प्रश्नः इस सर्विस में आने से पहले क्या आपने सोचा था कि आपको कैसा माहौल मिलेगा?

जवाब : जी हां बिल्कुल जैसा कि मैंने बताया की मैं एक ग्रामीण परिवेश से आता हूँ और मेरी शुरू से ही सोच ऐसी रही कि हमेशा जरूरतमंदों की मदद की जाए । अभी भी जब गांव जाता हूं तो बड़ी नजदीकी से लोगो को मेहनत करते हुए देखता हूँ और हमेशा से जो सपना था कि सर्विसेस में जाकर ऐसे लोगों की मदद कर सकूं तो वो सपना सरकार करने योजनाओं के जरिये पूरा होता दिख रहा है।

प्रश्नः एडीसी के रूप में जब आप फील्ड या पब्लिक में जाते है तो कभी ऐसा लगा की मैं तो बड़ा अधिकारी बन गया?

जवाब : जी नहीं ऐसा तो कभी महसूस न किया और न कभी करूँगा क्योकि जिस ग्रामीण परिवेश से मैं आता हूँ वहां मैंने ऐसी चीजों को बड़ी नजदीकी से देखा है और हमारे माहौल में जमीन से जुड़े रहने की शिक्षा दी जाती है । आज जिस कुर्सी पर मैं हूँ यहां गरीब और जरूरतमंद की मदद करने के इतने मौके मिलते हैं कि आप उनकी मदद करके एक गर्व की अनुभूति का एहसास करते हो। उदहारण के तौर पर जब कोई बुजुर्ग मेरे पास पेंशन बनवाने के लिए आते है अगर नियम के हिसाब से उनकी पेंशन बननी है तो मैं तुरंत उनका काम कर देता हूँ और उस समय उनके चेहरे पर जो मुस्कुराहट आती है तो एक सुकून सा मिलता है। बात रही रुतबे की, कई बार कुछ कर्मचारी ऐसे होते जिनको उनकी ड्यूटी याद दिलानी पड़ती है तो वहां जरूर रुतबे का प्रयोग करना पड़ता है।

प्रश्नः एडीसी बनने के बाद और पहले की जिंदगी में कितना बदलाव आया?

जवाबः मेरे हिसाब से तो कोई अंतर नहीं आया है क्योकि आज भी मैं एक आम आदमी हूँ और क्योकि में घर मैं सबसे छोटा हूँ तो जब भी घर जाता हूँ कोई भी एक अधिकारी की तरह तो बात नहीं करते। उनके लिए मैं आज भी वही हूँ जो पहले था और बात रही दोस्तों कि तो दोस्तों से मिलना जुलना काफी कम हो गया है वरना दोस्तों के लिए भी आज मैं वही पुराना दोस्त ही हूँ। अगर मैं बात करू जो मेरी लाइफ बदली है हालांकि पहले से ही मेरी सोच ऐसी थी लेकिन सिलेक्शन के बाद जो मान सम्मान मेरे परिवार वालों का मेरी वजह से बढ़ा है उसे देख कर काफी खुशी होती है। जो लक्ष्य लेकर हम चले थे उसमें हम कामयाब रहे । आपको एक किस्सा बताता हूँ कुछ दिन पहले मेरे दादाजी और दादीजी मुझसे मिलने मेरे दफ्तर में आये थे क्योंकि उन्होंने पहले कभी कलेक्टर का ऑफिस नहीं देखा तो जब वो आये तो मेरी दादी जी ने अपनी चप्पल बाहर उतार दी काफी समझाने के बाद उन्होंने चप्पल पहनी।

प्रश्नः एडीसी बनने के बाद ऐसा कोई पल है जब खुद पर गर्व हुआ हो?

जवाबः जी। आप जब लोगों की मदद के लिए ही चुने जाते हो तो एक तो वो आपकी ड्यूटी हो गयी दूसरा आपका सपना भी यही हो कि मुझे जरुरतमंदों की मदद करनी है । अक्सर ऐसा होता है हम जब किसी की मदद करते है और बाद में वो आपको धन्यवाद करने आए तो मुझे नहीं लगता एक इंसान और एक एडीसी के तौर पर कि उससे बड़ा पल आपकी जिंदगी में होगा। वही मेरा लक्ष्य रहता है कि दिन में कम से कम एक आदमी की मदद कर सकूं।

खबर फटाफट

भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व सीता जैसे पात्रों के संवाद से प्रेरणा लेनी चाहिए : नंदा

सोहना: पंजाबी महासंघ के प्रधान व जिला योजना बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष और नगरपार्षद हरीश नंदा राजू स्थानीय पंजाबी धर्मशाला प्रांगण में पहुंचे और दर्शक दीर्घा में बैठकर रामलीला को देखा। इससे पूर्व श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं व गले में श्रीराम पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और सम्मान का प्रतीक स्मृति चिन्ह भेंट किया। हरीश नंदा राजू ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम हमें सच्चाई और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। हम सभी को भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व सीता जैसे पात्रों के संवाद से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उनका अपने परिवार व समाज के लिए किस प्रकार का त्याग रहा है। उन्होने कहा कि श्रीराम की लीलाएं हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, असत्य पर सत्य की जीत, प्रेम-प्यार की भावना व जरूरत पड़ने पर त्याग का मार्ग दिखाती है।

पूरी रात मां का गुणगान कर भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु

सोहना : आदर्श गांव भौंड़सी में बीती देर रात आयोजित किए गए मां भगवती जागरण का शुभारंभ हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने किया। माता रानी के जागरण का आयोजन युवा समाजसेवी तथा कांग्रेस नेता निशांत राघव की तरफ से किया गया, जिसमें गांव में रहने वाले प्रत्येक परिवार तथा आसपास लगते आमंत्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विशेष आमंत्रित रूप में प्रमुख लोगों में एडवोकेट हरिओम सिंह छोकर, हरियाणा कांग्रेस में पीसीसी मैंबर नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अशोक उल्लावास, संजीव राघव, लोकेश राघव, राहुल राघव एडवोकेट, संजीव तंवर, विनय शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, अनुराग दीक्षित, नवनीत राघव, लक्ष्मण परमार, पुष्पेन्द्र राघव, राजेश राघव, धर्म भारद्वाज, सचिन सैन आदि प्रमुख लोगों के अलावा छत्तीस बिरादरी, सर्वजातीय समाज, विभिन्न स्वयंसेवी, धार्मिक संघों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। जगराते में महामाई का गुणगान करने के लिए आई पार्टी में शामिल गायक कलाकारों ने अपने मधुर कंठ से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबोते हुए इस कदर झूमने पर मजबूर कर दिया।

मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सोहना : नवरात्रों के 7वें दिन शनिवार को मंदिरों में मा कालरात्रि की पूजा की गई। इस मौके पर श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए झूमते नजर आए। देखने में आ रहा है कि मंदिरों में नंगे पैर आए श्रद्धालु पूरी श्रद्धापूर्वक लाइनों में लगकर माता के दर्शन कर रहे है। माता के जयकारे लगा रहे श्रद्धालुओं में व्रत रखे होने के बावजूद जोश व उत्साह देखने को मिला। पंडित चमनपुरी गौस्वामी, वेदप्रकाश शास्त्री, लोकेश भारद्वाज, रमेश शास्त्री, मास्टर अनिल वशिष्ठ, दिनेश शास्त्री, अनिल कोकी, पंडित छाजूराम भौंड़सिया की माने तो मां कालरात्रि की विधिवत रूप में पूजा अर्चना करनी चाहिए। मां कालरात्रि मां दुर्गा की 7वीं शक्ति जानी जाती है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन यह देखने में शुभ फल देने वाली है। इसी कारण इनका एक नाम शुंभकारी भी है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली है। दानव-दैत्य-राक्षस, भूत-प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते है।

गांव भौंड़सी में हुई पंचमुखी बजरंगबली हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

सोहना: गांव भौंड़सी में युवा समाजसेवी तथा कांग्रेस नेता निशांत राघव द्वारा पंचमुखी श्री बजरंगबली हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बहुत ही हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के बीच धार्मिक अनुष्ठान के साथ विधिपूर्वक करवाई गई। युवा समाजसेवी तथा कांग्रेस नेता निशांत राघव ने बताया कि इससे पूर्व मंदिर में सत्संग, संकीर्तन, हवन-यज्ञ उपरांत सुहागिन महिलाओं ने बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकालते हुए पंचमुखी श्री बजरंगबली हनुमानपंचमुखी श्री बजरंगबली हनुमान प्रतिमा की ग्राम परिक्रमा यात्रा निकाली। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर भक्तों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन को लेकर गांव भौंड़सी और आसपास लगते गांवों में रहने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज समेत सर्वजातीय समाज के आमंत्रित लोगों ने सपरिवार बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन से जुड़े युवा समाजसेवी तथा कांग्रेस नेता निशांत राघव ने सभी का तहेदिल से आभार जताया है।

मयूर विहार में माता भगवती के जागरण का आयोजन

सोहना : गांव भौंड़सी की मयूर विहार कॉलोनी में बीती देर रात माता भगवती जागरण का शुभारंभ सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर छत्तीस बिरादरी, सर्वजातीय समाज, विभिन्न स्वयंसेवी, धार्मिक संघों के प्रतिनिधि आदि शामिल हुए।

पुलिस शहीदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

शहीद पुलिस अधिकारी किसी क्षेत्र विशेष की ना होकर संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर : नाजनीन भसीन

जिन वीर पुलिस अधिकारियों ने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए उन्हें प्रमाण करने का अवसर गौरान्वित करने वाला

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। खंड के गांव भौंड़सी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में शनिवार को शहीद स्मृति स्थल पर एक सितंबर, 2022 से 31 अगस्त, 2023 की अवधि में शहीद हुए राज्य पुलिस और अर्धसैनिक बलों के वीर अधिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए आज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में आरटीसी भौंड़सी की उपपुलिस महानिरीक्षक नाजनीन भसीन ने कहा कि शहीद पुलिस अधिकारी किसी क्षेत्र विशेष की धरोहर ना होकर संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर है।

उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर मैं मुख्यातिथि होते हुए स्वयं को शोकाकुल व गौरान्वित महसूस कर रही हूं लेकिन साथ ही शोकाकुल हूं कि इस वर्ष मां भारती के 188 वीर पुलिस अधिकारियों ने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए और गौरान्वित इसलिए हूं कि उन वीर शहीदों को प्रणाम करने का सौभाग्य मुझे मिला है। पुलिस स्मृति परेड कमांडर आरटीसी भौंड़सी के उपपुलिस अधीक्षक दयानंद ने वीर शहीद पुलिस अधिकारियों को शोक सलामी दी।

मुख्यातिथि ने पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर आरटीसी भौंड़सी पुलिस अधीक्षक धर्मबीर सिंह, आईआरबी प्रथम वाहिनी के उप पुलिस अधीक्षक सुनील कादियान, आईआरबी द्वितीय वाहिनी के उप पुलिस अधीक्षक संदीप मोर, निरीक्षक सुरेन्द्र, राजीव, अमन कुमार, जसमेर, सुनिता रानी, उपपुलिस निरीक्षक जितेन्द्र, राजबाला, अनिता, संतोष, सहायक उपपुलिस निरीक्षक कृष्ण, नवीन, प्रविन्द्र समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने वीर शहीद पुलिस अधिकारियों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार 21 से 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों का सम्मान, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, खेलकूद प्रतियोगिता, प्रशिक्षणार्थियों को नेशनल पुलिस मैमोरियल नई दिल्ली की विजिट करवाना, स्वास्थ्य जांच शिविर, पुलिस बैंड शो, हथियारों की प्रदर्शनी के साथ-साथ 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी के अलावा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली जाएगी।

भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें : पंकज भारद्वाज

हमें समाज विरोधी और साम्प्रदयिक तत्वों को राजनीति से दूर रखने के लिए सबक सिखाना होगा

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने सोहना स्थित हनुमान बगीची में श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा कराई जा रही रामलीला में कहा कि भगवान राम के आदर्श पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय है। उनके आदर्शों को आत्मसात करने से ही जीवन मे शांति मिल सकती है। एक राजा होते हुए भी भगवान राम ने परिवार व समाज के सामने जो आदर्श कायम किया, जो आज भी अनुकरणीय है। रामलीला भगवान राम के आदर्शों को आम जनता तक पहुंचाने का एक शसक्त माध्यम है। इसलिए नवरात्रों के मौके पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए।

मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचने पर उनका श्री शानदार रामलीला क्लब की ओर से गले मे पटका और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि रामलीला के मंचन का उददेश्य यही होना चाहिए कि हम रामचरित मानस में उलेखित पात्रों के कार्यों से सीख ले। जिस तरह से प्रभु श्रीराम ने रावण और राक्षसों का वध कर समाज को भय और पीड़ा से मुक्त किया था, उसी तरह से हमें भी दुराचारियों का अंत करना चाहिए।

भारद्वाज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन मे मर्यादायें स्थापित रखी। वे माता-पिता के आदर्शों का अनुपालन करते हुए वनवास गए। उन्होने एक अच्छे पुत्र, अच्छे शिष्य और अच्छा भाई होने का कीर्तिमान स्थापित किया। मित्रता की भी मिशाल पेश की। रावण का अंत कर उसी के भाई विभीषण को लंका का राजा बनाया। राक्षसों का अंत कर ऋषि-मुनियों और मानव के प्राणों की रक्षा की। ऐसा करके उन्होंने रामराज की स्थापना की। जिस राज में हर वर्ग के लोगों को सम्मान और अधिकार मिला । इसी तरह के समाज की स्थापना करने की आज जरूरत है। हमें समाज विरोधी और साम्प्रदयिक तत्वों को राजनीति से दूर रखने के लिए उन्हें सबक सिखाना होगा। उन्होंने कहा कि रामलीला के मंचन का उद्देश्य होना चाहिए। रामलीला कमेटियों को इसी उद्देश्य के साथ रामलीला प्रस्तुत करनी चाहिए और दर्शकों को भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े सभी कलाकार और पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

रामलीला में जब हुआ लंका दहन,खुशी में झूमने लगे दर्शक

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा स्थानीय खेलस्टेडियम मैदान में आयोजित श्रीराम की लीला में महाराज सुग्रीव के निर्देश पर वानर सेना माता सीता को खोजने निकल पड़ती है।

हनुमान जी सागर पार कर लंका पहुंच जाते है और वहां पहुंचने पर माता सीता की खोज करते वक्त माता सीता उन्हें एक बाग के कोने में बैठी नजर आती है। पेड़ की ओट से श्रीराम जी के जीवन की गाथा गाते है तो माता सीता रोते हुए कहती है कि इस अहंकारी रावण के राज में मर्यादा पुरूषोतम प्रभु श्रीराम का गुणगान करने वाला कौन है? जरा सामने आकर चेहरा दिखाए तो श्रीराम भक्त हनुमान माता सीता के सामने आकर चरण वंदना करते हुए शीश झुकाते है और बताते है कि आपके हरण के बाद श्रीराम जी कितना व्याकुल हैं। हनुमान जी के मुख से ऐसा सुन माता सीता बेचैन हो जाती है और कहती है कि वह भी श्रीराम जी के वियोग में बेचैन है। आप जाकर उन्हे मेरी खोज-खबर दे देना। लंका और रावण का अंत अब होने वाला है लेकिन हनुमान लंका से जाने से पहले अशोक वाटिका को उजाडने लगते है और अपने को पकडने आए रावण के बेटे अक्षय कुमार का वध कर देते है लेकिन उन्हे पकड़ लिया जाता है। दरबार में लाए जाने पर रावण के आदेश से हनुमान जी की पूछ में आग लगाई जाती है तो हनुमान जी की उछल-उछल कर अपनी पूछ में लगाई गई आग से लंका में जगह-जगह आग लगा देते है। लंका दहन के दृश्य को देख दर्शक जय श्रीराम और श्रीराम जी की जय के उदघोष लगाने लगते है।

इस अवसर पर श्री शिव रामलीला कमेटी के सरंक्षक जयप्रकाश सिंगला भट्ठे वाले, प्रधान चौधरी बहाल सिंह खटाना, देविन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार जैन, श्यामलाल बघेल, अशोक गोयल, देवेन्द्र तायल, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, राजकुमार सिंगला, रामकिशन गर्ग, लक्ष्मण गर्ग, चन्द्रप्रकाश आर्य, प्रेम सिंह बच्चस, समय सिंह सौरोत, विकास गुप्ता, गोविंद गोयल, छतरपाल शर्मा, विजय अग्रवाल, दिनेश मंगला, जयप्रकाश गर्ग, मद्रासी सैनी, केशवदेव जिंदल, सुभाष बंसल, रामोतार यादवआदि प्रमुख लोगों समेत रामलीला कमेटी से जुड़े तमाम सदस्यों, पदाधिकारियों और आमंत्रितजन भी उपस्थित रहे।

जजपा का सदस्यता अभियान आज से शुरू : अनंतराम तंवर

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उन वादों को एक-एक कर पूरा करने में लगे हुए हैं

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर के अनुसार जजपा ने अधिक से अधिक लोगों विशेषकर युवाओं और महिलाओं को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान क्षेत्र में आज से शुरू कर दिया गया है। यह अभियान एक महीने चलेगा।

उन्होंने बताया कि इस दौरान बूथस्तरीय कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जजपा से जोड़ने के लिए सदस्यता फार्म भरवाएंगे। इस बार पूरे राज्य में 5 लाख नए लोगों को जजपा से जोड़ने व कार्यकर्ता बनाने का निर्णय लिया गया है और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जनमानस को अवगत कराएंगे।

जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यहां पर आज हमारे प्रतिनिधि को उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि जननायक जनता पार्टी ने राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले जनता से जो वादे किए, राज्य में जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार बनने पर जजपा नेता व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उन वादों को एक-एक कर पूरा करने में लगे हुए है। उन्होने कहा कि सही मायने में जजपा जननायक चौधरी देवीलाल के दिखाए रास्ते पर चलते हुए 'सबका साथ-सबका विकास' लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। जिससे लोगों में जजपा से जुड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाए जाने से पहले ही उत्साह देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि जजपा का जनाधार राज्य में दिनोंदिन तेजी से बढ़ रहा है और उन्हे भरोसा है कि मात्र एक महीना चलाए जाने वाले जजपा के सदस्यता अभियान में कम से कम 20 लाख लोग जजपा से जुड़ सदस्यता ग्रहण करेंगे। सोहना विधानसभा क्षेत्र में इस सदस्यता अभियान में युवाओं की अहम भूमिका होगी और क्षेत्र के हर गांव, हर वार्ड, गली, मोहल्ले और घर से जजपा को जोडने का काम सदस्यता अभियान चलाने वाले कार्यकर्ता करेंगे। जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि राज्य में जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार बनने पर जजपा नेता व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने पार्टी के घोषणापत्र में बेरोजगारों को रोजगार देने वाले वादे को पूरा करने के लिए बहुराष्ट्रीय निजी कंपनियों के साथ मिलकर हर 3 महीने में रोजगार मेले का आयोजन करने का फैसला लिया है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि युवा पहले पार्टी के पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा ले।

एक महीना चलाए जाने वाले जजपा के सदस्यता अभियान में कम से कम 20 लाख लोग जजपा से जुड़ेंगे

पंजाबी धर्मशाला की रामलीला में हुआ सीता हरण का मंचन

रामलीला में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सनातन धर्मसभा राममंदिर द्वारा स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में आयोजित श्रीराम की लीला में रामलीला मंचन के दौरान रावण ने अपनी मायावी रचना के तहत मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर भेजा। जिसको देखते ही सीता मंत्र मुग्ध हो गई। श्रीराम जी जब सीता माता के कहने पर उस स्वर्ण मृग के पीछे दौडे तो मृग रूपी मारीच श्रीराम जी का बाण लगने पर मारीच ने श्रीराम की आवाज में जब लक्ष्मण को पुकारा तो सीता जी ने लक्ष्मण को श्रीराम जी की सहायता के लिए भेजा।

लक्ष्मण के जाते ही पीछे से पंचवटी में रावण आया और छल से सीता जी को हर कर ले गया। रास्ते में जटायु-रावण के बीच युद्ध हुआ। प्रभु श्रीराम सीता जी को खोजते हुए शबरी के आश्रम में आते है और शबरी को 9 प्रकार की भक्ति का ज्ञान देते है। वहां से श्रीराम व लक्ष्मण पंपासर सरोवर पर जाते है, जहां उनकी भेंट हनुमान जी से होती है। हनुमान जी उन्हे अपने महाराज सुग्रीव के पास ऋष्यमुक पर्वत पर ले जाते है। वहां श्रीराम जी की तथा सुग्रीव की मित्रता हुई।

सुग्रीव श्रीराम जी को बताते है कि किस तरह उनके भाई बालि ने उनकी पत्नी को उनसे छीन लिया। सुग्रीव के आग्रह पर श्रीराम जी बालि का वध कर देते है।

स्थानीय श्री सनातनधर्मसभा राममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा, रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन व युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, चंद्रभान रतड़ा, उमेश जुनेजा कोकी, गुलशन आहूजा, पप्पू पठान, विपिन मल्होत्रा, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा व विमलेश गोस्वामी, देविन्द्र आहूजा व आयोजन से जुड़े लोगों की माने तो रामलीला में भारी जनसैलाब उमड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रामलीला में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। उमड़ रहे जनसैलाब को देख रामलीला मंचन करने वाली कमेटी खासी उत्साहित है। बढ़ती भीड़ के लिए पुलिस प्रशासन का भी प्रबंध बेहतर नजर आ रहा है।

मित्र व रामलीला कलाकारों का संयुक्त मिलन समारोह का हुआ आयोजन

यहां पर आज वार्ड क्रमांक-5 स्थित शिव कॉलोनी में मित्र मिलन समारोह का आयोजन पंतजलि चिकित्सालय के संचालक बाबू जती सिंगला के सानिध्य और अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष ताराचंद गर्ग अड़बरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के संयोजक हरीश गर्ग व दिनेश गर्ग अड़बरिया ने बताया कि समारोह में रंगमंच संस्था श्री शिव रामलीला कमेटी से जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ-साथ सर्व श्री बहाल खटाना, देविन्द्र गर्ग, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार जैन, श्यामलाल बघेल, अशोक गोयल, देवेन्द्र तायल, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, राजकुमार सिंगला, रामकिशन गर्ग, लक्ष्मण गर्ग, चन्द्रप्रकाश आर्य, प्रेम सिंह बच्चस, समय सिंह सौरोत, विकास गुप्ता, गोविंद गोयल, छतरपाल शर्मा, विजय अग्रवाल, दिनेश मंगला, जयप्रकाश गर्ग, मद्रासी सैनी, केशवदेव जिंदल, सुभाष बंसल, रामोतार यादव, स्थानीय अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष तथा व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर उमेश अग्रवाल आदि प्रमुख लोगों के अलावा आमंत्रित लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। समारोह में आए अतिथियों, आमंत्रितों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए वयोवृद्ध समाजसेवी बाबू जती सिंगला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपस में प्रेम-प्यार सौहार्द बढ़ता है। सबके सुख-दुख बंट जाते है। इसलिए ऐसे आयोजन समय-समय पर अवश्य होते रहने चाहिए। समारोह के संयोजक हरीश गर्ग व दिनेश गर्ग अड़बरिया ने आए हुए सभी आंगतुकों का दिल से आभार जताया। समारोह में आए लोगों ने सामूहिक सहभोज में परोसे गए व्यंजनों का भी जमकर लुत्फ उठाया। मित्र मिलन समारोह से पूर्व हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें मौजूद लोगों ने विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर आहूति डाली।

शहीदों की बदौलत ले रहे खुली हवा में सांस : डागर

सोहना: शनिवार को गांव भौंड़सी में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भाजपा भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया मौजूद रहे।

इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है।

श्रीरामचंद्र के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें : गर्ग

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। अनाजमंडी प्राचीन हनुमानबगीची में श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा मंचन की जा रही श्रीराम की लीलाओं की श्रंखलाओं में आज प्रदर्शित होने वाली श्रीराम की लीला का उदघाटन स्थानीय अग्रवाल वैश्य समाज के विधानसभा अध्यक्ष सेठ रोहित गर्ग ने मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए अग्रवालसमाज के युवा समाजसेवी तथा स्थानीय अग्रवाल वैश्य समाज के विधानसभा अध्यक्ष सेठ रोहित गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम हमें सच्चाई और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। हम सभी को भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व सीता जैसे पात्रों के संवाद से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उनका अपने परिवार व समाज के लिए किस प्रकार का त्याग रहा है। उन्होने कहा कि श्रीराम की लीलाएं हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, असत्य पर सत्य की जीत, प्रेम-प्यार की भावना व जरूरत पडने पर त्याग का मार्ग दिखाती है। इससे पूर्व अपने बीच बतौर मुख्यातिथि पहुंचे अग्रवालसमाज के युवा समाजसेवी तथा स्थानीय अग्रवाल वैश्य समाज के विधानसभा अध्यक्ष सेठ रोहित गर्ग का श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े पदाधिकारियों और मौजूद गणमान्य लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। श्री शानदार रामलीला क्लब की तरफ से मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

श्रद्धांजलि सभा किसी दिवंगत के सदगुणों के अनुसरण को सच्ची श्रद्धांजलि बताया

संस्कार और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक: शास्त्री

श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों तथा सोहना व मेवात क्षेत्र के करीब 250 गांवों से आई सरदारी ने भाग लिया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर स्थानीय अनाजमंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लाजवंती देव के निधन पर सर्वजातीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।

इस मौके पर जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी अनंतराम तंवर, भाजपा के पूर्व विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया, कांग्रेस पीसीसी मैंबर महेश घोडारोप, व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, आदि ने विभिन्न स्थानों से आए शोक संदेश के साथ-साथ कोने-कोने से आए समाज के हजारों गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

राजनैतिक दलों व सामाजिक संस्थाओं से शोक संदेश आए और मौजिजानों ने अपनी शब्दों के द्वारा लाजवंती देवी के नारी उत्थान के लिए कार्यों की सराहना करते हुए याद किया। पंडित वेदप्रकाश शास्त्री के सानिध्य में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों तथा सोहना व मेवात क्षेत्र के करीब 250 गांवों से आई सरदारी ने जातपात और पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर हिस्सा लिया। उपस्थितों ने दिवगंत लाजवंती देवी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके समाज में किए गए कार्यों को स्मरण किया।

श्रद्धांजलि सभा में आसपास लगते क्षेत्रों, दर्जन भर से ज्यादा जिलों व दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान आदि कई प्रांतों से आए शोक संदेशों को भी उपस्थितों के बीच पढ़कर सुनाया गया।

दिवगंत लाजवंती देवी सामाजिक व्यक्तित्व की धनी होने के साथ-साथ सही मायने में जमीन से जुड़ी सच्ची महिला समाजसेविका थी, जिन्होंने मरते दम तक नारी उत्थान के लिए कार्य किया और शिक्षा, धर्म व अन्य क्षेत्रों में नाम कमाया। विभिन्न वक्ताओं व प्रमुख लोगों ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए लाजवंती देवी के परिजनों से उनके सिद्धांतों पर चलने और उनके सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी।

स्वर्ग लोक कौन जाता है

महामंडलेश्वर मनोहरदास शास्त्री ने कहा कि हर इंसान को जीवन जीने की सही कला को सीखना होगा। तभी इंसान का जीवन सार्थक बनेगा। स्वर्ग वो है, जिसके परिवार में प्रेम-प्यार, एकता, समर्पण, सहयोग, आदर-मान व सम्मान होता है। वही इंसान स्वर्गलोक में जाता है।

श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि लाजवंती देवी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वह अपने पीछे भरापूरा और साधन सम्पन्न परिवार छोड़ गई हैं। जो मानव अपने जीवन में समाज के लिए कोई कार्य करता है, समाज उन्हें सदैव याद रखता है। वह अपनी बात की धनी और परोपकारी महिला समाजसेविका रही। वे सदैव ही धर्मकार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए शोषितों, दबे-कुचले वर्गों, निर्धनों, जरूरतमंदों की सहायता करने तथा महिला समाज के उत्थान, गौसेवा, नारी शिक्षा को बढ़ावा, पौधारोपण कर हरित क्रांति के प्रति लोगों को जागरूक बनाने, समाज में आपसी प्रेम-प्यार, भाईचारा को बढ़ावा देने के लिये प्रयासरत रही। उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सभी उनके दिखाए रास्ते का अनुसरण करे और उनके दोनों पुत्रों उमेश गुप्ता व कमल गुप्ता से आग्रह है कि वह उनके अधूरे सपनों को साकार बनाकर परिवार को एकजुट रखते हुए सदैव सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहें।

22 page 3_02.qxd 10/21/2023 10:42 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम, रविवार
22 अक्टूबर 2023

www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
श्रीराम के आदर्श जीवन का अंगीकार कर जीवन को ...

गुरुग्राम

अंदर देखे
विधायक ने फीता काटकर व स्वयं डंडोत ...

dainikbharoosa

खबर फटाफट

प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन स्कूली विद्यार्थियों को बताई पोर्टल की बारीकियां

गुरुग्राम। हरियाणा नागरिक संसाधन विभाग (क्रिड) के डीएसईओ विनोद वर्मा ने जिलास्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन बागवानी विभाग के सभागार में शिक्षा विभाग व स्कूली विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी सेवाओं से संबंधित पोर्टल का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों व विद्यार्थियों को पोर्टल के बारे में प्रशिक्षण देते हुए इन सेवाओं के बारे में आमजन को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। विनोद वर्मा ने बताया कि डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय पोर्टल प्रशिक्षण कार्यशाला में पोर्टल पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी है। उन्होंने उनको बताया कि ये एक जागरूकता कार्यक्रम है ताकि नागरिक सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन घर बैठे ही लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि नागरिक योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन योजनाओं व सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने सरकारी पोर्टल का प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों का आह्वान किया है कि वे इन पोर्टल की जानकारी अपने-अपने परिवेश में दें ताकि लोग इनका लाभ उठा सकें। कार्यशाला में परिवार पहचान पत्र की जिला नोडल अधिकारी दीपिका भी मौजूद रही।

जॉब दिलाने के नाम पर युवक से ठगी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

गुरुग्राम। जॉब दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने काबू किया है, जिसके कब्जे से 7 हजार रुपयों की नगदी, फोन व सिम कार्ड बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 सितम्बर को एक व्यक्ति ने थाना पालम विहार में एक लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि अपने आप को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से बताने वाले एक व्यक्ति द्वारा उसे एयरलाइंस में काम दिलाने के नाम पर उससे ऑनलाइन रूपयों की ठगी की। थाना पालम विहार पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी सुनील को काबू कर लिया।

बेट्री सैल चोरी का आरोपी पुलिस ने किया काबू

गुरुग्राम। मोबाईल टॉवरों से बैट्री सेल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने काबू किया है, जिसके कब्जे से 19500 रुपए की नगदी व गाड़ी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 जून व 14 अगस्त को थाना बिलासपुर में 3 शिकायतें बिलासपुर थाना क्षेत्र से बीएसएनएल टॉवर व इंडस टॉवर में लगी बैट्री व बैट्री सेल किसी अज्ञात द्वारा चोरी करके ले जाने के संबंध में प्राप्त हुई। इन शिकायतों के पर थाना बिलासपुर ने मामला दर्ज कर आरोपी विनय को काबू कर लिया।

छीनाझपटी का आरोपी काबू

गुरुग्राम। छीनाझपटी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने थाना न्यू कॉलोनी में एक लिखित शिकायत के माध्यम से बताया है कि 13 अक्तूबर को श्याम वाटिका कृष्णा कॉलोनी से एक व्यक्ति उसकी सोने की चेन छीन ली तथा आगे चलकर अपने साथी के साथ एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर चला गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी अमन को काबू कर लिया।

वाहन चोरी का आरोपी दबोचा

गुरुग्राम। वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक को गाड़ी व मोबाइल सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने थाना सैक्टर 17/18 में एक लिखित शिकायत दी कि बीती रात को नजदीक एमडीआई कॉलेज गांव सुखराली एमजी रोड से उसकी ईको गाड़ी किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी तस्लीम को बुराका नूंह से काबू कर लिया है।

अवैध शराब सहित 3 पकड़े

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से 3 युवकों को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बतायाि क सीआई सैक्टर 39 ने हरकेश को पुलिस थाना सिविल लाईन्स एरिया से 71 पेटी अंग्रेजी शराब सहित काबू किया। सीआईए डीएलएफ फेस 4 ने उमेश को थाना सैक्टर-17/18 एरिया गाँव सिरहोल से 5 पेटी देशी शराब सहित काबू किया। सीआईए सैक्टर 17सी ने जयपाल को थाना शहर एरिया के जैकमपुरासे 300 पव्वे देशी शराब सहित काबू किया।

युवक को जुआ खेलने के आरोप में किया गिरफ्तार

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने एक युवक को जुआ खेलने व खिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 2250 रुपयों की नगदी, बेल्ट आदि बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ फेस 4 ने बिहारी मंडी गाँव नाथूपुर से सट्टा जुआ खेलने खिलाने वाले व्यक्ति जतिन को काबू किया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस लाईन में मनाया पुलिस शहीदी दिवस

पुलिस आयुक्त ने ड्यूटी के दौरान प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को किया नमन

ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले शाहिद पुलिसकर्मियों के आश्रितों को किया गया सम्मानित

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पुलिस शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुग्राम की पुलिस लाईन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने देशभर में पिछले एक वर्ष में अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय पुलिस सेवा के सभी 189 बलिदानियों को याद करते हुए पुलिस लाईन में बने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पिछले एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जान गंवाने वाले हरियाणा पुलिस में कार्यरत दो होमगार्ड शहीद

नीरज और शहीद गुरसेवक को याद करते हुए श्रद्धाजली दी गई। दोनों होमगार्ड इसी वर्ष मेवात में ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में वीरवती को प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि आज हम भारतीय पुलिस सेवा के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने देश की कानून-व्यवस्था को कायम रखने, देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने तथा नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा करने के लिए व अपने कर्त्तव्यों/ड्यूटी का निर्वहन हुए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। हरियाणा राज्य के गठन से लेकर अब तक 83 पुलिसकर्मियों ने राज्य और इसके नागरिकों की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। जिनमें अपनी ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले गुरुग्राम पुलिस के पांच जवान भी शामिल है।

महिला के साथ फॉड करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। ओएलएक्स से मैकबुक खरीदने के नाम पर फॉड करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने 10 हजार रुपए नगदी सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 जुलाई को एक महिला ने थाना साईबर अपराध पश्चिम में एक लिखित शिकायत उसके द्वारा ओएलएक्स पर मैकबुक बेचने के लिए डाली गई पोस्ट के आधार पर उससे मैकबुक खरीदने की टोकन मनी भेजने के लिए उसको क्यूआर कोड भेजकर उसके खाते से 20 हजार रुपए की ठगी करने के सम्बन्ध में दी गई। थाना साईबर अपराध पश्चिम ने मामला दर्ज कर लिया। सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व मे निरीक्षक सवित कुमार, प्रबंधक थाना साईबर अपराध पश्चिम ने कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियों असफाक व अहसान को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वे ओएलएक्स पर सामान खरीदने व बेचने के लिए पोस्ट व इस्तेहार डालने वाले लोगों के साथ सामान खरीदने व बेचने के नाम पर ठगी करते है। जब भी कोई व्यक्ति ओएलएक्स पर अपना सामान बेचने के लिए पोस्ट डालता है, तो ये आरोपी उस सामान को खरीदने के नाम पर उस व्यक्ति से संपर्क करके उसके बैंक खाते में एडवांस रुपए भेजने का झांसा देते है और सब क्यूआर कोड भेज देते है, फिर जब वह व्यक्ति इनके द्वारा भेजे गए कोड को स्कैन करता है तो ये उसके बैंक खाते से रुपए ट्रांसफर कर लेते है। शिकायतकर्ता से भी उन्होंने इस प्रकार से ही 20 हजार रुपए ट्रांसफर करके ठगी की थी।

सामान्य रूप से पूरी हुई सीईटी की परीक्षा : एडीसी

जिले में बनाए गए 46 परीक्षा केंद्र, परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा-144 लगाई

भरोसा मित्र

गुरुग्राम। चतुर्थ श्रेणी के 13 हजार 536 पदों के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा शुरू हो गई है इसकी जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपयुक्त हितेश कुमार मीणा ने बताया कि गुरुग्राम में 46 सेंटर बनाए गए है । उन्होंने बताया कि शनिवार को पहले चरण की परीक्षा सामान्य रूप से पूरी हुई । उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक और फेसऑथेंटिक मशीन से हाजरी लगाई गई है वहीं परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गयी है परीक्षा के दिन कोचिंग सेंटर और प्रिंटिंग स्टेशनरी की दुकान बंद रखी

गई ! उन्होंने बताया कि ग्रुप डी की परीक्षा को लेकर पुख्ता तैयारी की गई है सफल संचालन के लिए सरकार ने जिलों में सिटी कोऑर्डिनेटर और आब्जर्वर नियुक्त किये हैं परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज में सफर भी फ्री रहेगा वहीं बस स्टैंड पर बनाए हेल्प डेस्क गए हैं दोनों दिन सुबह 10 से 11. 45 और दोपहर 3 बजे से 4. 45 बजे तक परीक्षा होगी।

पुलिस ने महिलाओं व बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरुक

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला व बच्चों विरूद्ध अपराधों व साईबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशानुसार व पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज की देखरेख में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से मानेसर क्षेत्र स्थित कम्पनियों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करके वहां पर काम करने वाली महिलाओं, स्टॉफ व कर्मचारियों को महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों, सेल्फ डिफेंस व डॉयल 112 व दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों तथा साईबर अपराधों के प्रकार,

इनसे बचाव व अपराध होने उपरान्त उनके बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इन अपराधों के लिए कानून में दिए गए प्रावधानों व सजा इत्यादि के बारे में भी पुलिस टीम द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस टीम द्वारा पुलिस की डायल-112 व दुर्गा शक्ति एप्लिकेशन व ऐप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डायल-112 ऐप को इंस्टॉल करके ऐप में अपनी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाईल नंबर, पता इत्यादि एक बार अपडेट करना है, उसके बाद जब भी किसी असुरक्षित परिस्थिति में पुलिस सहायता की जरूरत हो तो डायल-112 ऐप से माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती है और उस समय पीडिता को अपना नाम मोबाईल नंबर व पता/लोकेशन बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पुलिस को पीडित का पता/लोकेशन मोबाईल नंबर इत्यादि डायल-112 ऐप के माध्यम से प्राप्त होंगे और पीडिता को तत्परता से पुलिस सहायता मिलेगी। यह ऐप पीडिता और पुलिस दोनों के लिए सहयोगी के रूप में कार्य करती है और यह अपराधों को रोकने में प्रभावी रूप से कार्य करती है। इस आयोजन के दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के मोबाईल फोन्स में डायल-112, दुर्गा शक्ति ऐप्स इंस्टाल कराकर इन ऐप्स के प्रयोग के बारे में भी बताया गया। पुलिस टीमों द्वारा इन कार्यक्रमों में उपस्थित महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना या अंदेशा होने पर उसकी सूचना किसी भी माध्यम से पुलिस को अवश्य दें।

सफाईकर्मियों ने 25 तक बढ़ाई हड़ताल

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सरकार द्वारा 3480 सफाई कर्मचारियों की छटनी कर वर्क आउट सोर्स के किए गए टेक के खिलाफ व छटनी ग्रस्त कर्मचारियों को नौकरी पर रखने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व अन्य मांगों का समाधान कराने के लिए निगम कर्मचारियों ने 25 अक्टूबर तक हड़ताल को बटा दिया है। हड़ताल शनिवार को 11वें दिन में प्रवेश कर गई है। हड़ताल की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान राजेश कुमार व नगर निगम इकाई के प्रधान राम सिंह सारसर ने की। राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार भगवान वाल्मीकि जयंती, सन्त रविदास जयंती, सन्त कबीर जयंती तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दलितों को इकट्ठा कर दलित उत्थान के झूठे वायदे करती है। सरकार ने 10 साल के कार्यकाल में ग्रुप डी और सी की भर्तियां की है। ग्रुप डी की भर्ती करने की अभी भी प्रक्रिया जारी है, लेकिन खेद का विषय है, कि सरकार ने 10 साल के कार्यकाल में एक भी सफाई व सीवर कर्मचारियों की भर्ती नहीं की बल्कि सफाई और सीवर का काम करने वाले विशेष समुदाय के लोग हैं जो दलितों में अति दलित पिछड़े और समाज के सबसे पिछले पायदान पर

खड़े हैं। वाल्मीकि बिरादरी के लोगों का मुख्य कार्य सफाई करना है, और सरकार ने सफाई के सभी कार्यों को ठेकेदारी में देखकर इन गरीब सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारों का गुलाम बनाने का काम करते हुए वाल्मीकि समाज के लोगो को सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक योग्यता में पीछे धकेलना का काम किया है। शास्त्री ने कहा कि प्रदेश का सफाई कर्मचारी कमजोर नहीं है, वह अपने अधिकारों की लड़ाई लडने के प्रति जागरुक है, और सरकार की सफाई कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेगा। शास्त्री ने कहा कि 25 अक्टूबर को निगम कमिश्नर का दक्षिणी हरियाणा के का जिला फरीदाबाद पलवल नूह रेवाड़ी और झज्जर के सभी कर्मचारी मिलकर घेराव करेंगे।

लोकसभा व विधानसभा ऑब्जर्वर ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

ब्लॉक अध्यक्ष, मडलम अध्यक्ष व बूथ कमेटियां बनाने पर की चर्चा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शनिवार को गुरुग्राम कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के लोकसभा ऑब्जर्वर अमित पुनिया व विधानसभा ऑब्जर्वर दीपक भारद्वाज ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर मुख्य रूप से वीरेंद्र यादव, आशीष दुआ, पंकज भारद्वाज, सुधीर चौधरी, पंकज डावर, पूर्व विधायक रामबीर, वर्धन यादव, अमित यादव, कुलराज कटारिया, मनीष खटाना, कुलदीप कटारिया, निर्मल यादव, गजेंद्र चौहान, एडवोकेट सूबे सिंह यादव, संतोख सिंह, पर्ल चौधरी, सुनीता वर्मा, प्रियंका राजपूत, राजेश यादव, जय सिंह हुड्डा, भारत मदान, सूबे सिंह पटौदी, सुनील प्रधान, मोहनलाल सैनी, नरेश यादव, हरिओम, बीर सिंह नंबरदार, सुनील प्रकाश, मनोज

अहूजा, रमन वर्मा, अमरजीत गुर्जर, सतबीर चैयरमैन,अनिल सूंड, लियाकत चेयरमैन, गुरजीत सिंह, राजपाल यादव, बिलाल तावडू, विजयपाल, शिव प्रताप समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान ऑब्जर्वर अमित पुनिया व दीपक भारद्वाज ने जिले में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष के साथ बूथ कमेटियां बनाने पर चर्चा की और सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर एक-एक मतदाता को जागरुक करने व कांग्रेस की नीतियों को घर-धर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। लोकसभा ऑब्जर्वर अमित पूनिया ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ की हड्डी की तरह है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ाने के लिए कार्यक्षेत्र अनुसार उन्हे पद दिया जाना है। अमित पूनिया ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की अच्छी लहर है। प्रदेश की जनता अब भाजपा के शासन से तंग आ चुकी है। इस सरकार में सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। हमे अब जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए उनके बीच पहुंचना है और जनता की आवाज बुलंद करने का कार्य करना है।

रामलीला न्यू कालोनी दशहरा ग्राउण्ड में हो रही रामलीला में उमड़ रही भीड़

सुर्पनखा की नाक काटने की लीला का मंचन

सुमित राजा दशरथ से कहते हैं श्रीरामऔर लक्ष्मण ने अयोध्या आने के लिए इंकार कर दिया

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शहर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक संगठनों द्वारा रामलीलाओं का मंचन किया जा रहा है। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातान धर्मसभा द्वारा 76वीं श्री रामलीला मंचन का आयोजन न्यू कालोनी दशहरा ग्राउण्ड में किया जा रहा है। गीता भवन व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के चीफ डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर एवं गीता भवन के उप प्रधान व संयोजक मुनीष खुल्लर ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला के दौरान सुमित का भगवान राम व लक्ष्मण को गंगा नदी के तट तक छोडे र आना, वापिस आकर दशरथ को बताना कि श्रीराम ने आने से इंकार कर दिया है। भरत शत्रुघ्न का ननिहाल से वापिस लौटना, भरत-कैकई संवाद, भरत का भगवान श्रीराम से की गई भेंट, श्रीराम द्वारा भरत को चरण पादूका देना, सुर्पनखा की नाक कटना, खर-दूषण का युद्ध आदि

दर्शाए गए। उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन के दौरान जब सुमित आकर राजा दशरथ से कहते हैं कि श्रीराम लक्ष्मण ने उनके साथ वापिस अयोध्या आने के लिए इंकार कर दिया है। मुनीष खुल्लर ने बताया कि श्रीराम के किरदार में मयंक चावला, सीता के किरदार में सानिया सैय्यद, लक्ष्मण के किरदार में राजेश खरबंदा, भरत के किरदार में पंकज, शत्रुघ्न के किरदार में अर्जुन खुल्लर, सुमित का किरदार नीरज कुमार, सुर्पनखा मोनू कुमार, खर का किरदार भानू व दूषण का कृष्ण आदि ने निभाया।

सीता हरण, खर-दूषण का वध की लीला का कलाकारों ने किया मंचन

गुरुग्राम। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में रामलीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इस दौरान भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा द्वारा आयोजित 70वें श्रीरामलीला मंचन में खर-दूषण की मस्तियां, लक्ष्मण द्वारा सुर्पनखा की नाक काटने के, खर-दूषण के पास जाकर समस्या का बताना, श्रीराम के साथ उनका युद्ध व वध होना दृश्य दिखाए गए। जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया। दिखाया गया। संस्था के प्रधान पवन पाहूजा, महासचिव किशोरीलाल डूडेजा, डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने बताया कि खर-दूषण के मारे जाने का समाचार राक्षसों ने यह बात लंकेश रावण को दिया। इसका बदला लेने के लिए रावण मारीच के पास जाता है और सीता हरण के बारे में उसके साथ बातचीत की। मारीच सोने का मृग बनकर पंचवटी आता है और उसे देखकर सीता माता श्रीराम से उसे पकडने का आग्रह करती है। उसके बाद बचाओ की आवाज सुनकर सीता माता लक्ष्मण को श्रीराम की मदद के लिए कहती है। इसके बाद सीता हरण का दृश्य दर्शाया गया। श्रीराम सीता की तलाश में जाते हैं तो रास्ते में उनकी मुलाकात घायल जटायु से होती है। कलाकारों द्वारा इस दृश्य को दिखाए जाने पर दर्शकों ने काफी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा नेता जीएल शर्मा के पुत्र समाजसेवी सुमित शर्मा, प्रसिद्ध उद्यमी गिर्राज धींगड़ा, राजेंद्र धींगड़ा, आईडीए के अध्यक्ष केके गांधी, जन क्रांति सेवा पार्टी के अध्यक्ष अंकित अलघ अतिथि के रुप में शामिल हुए। दैनिक जागरण की जूही का स्वागत किया गया। रामलीला को सफल बनाने के लिए भारत भूषण दीवान, जनक, राजेश टुटेजा, नीतू आदि का विशेष सहयोग रहा।

छोटे दुकानदारों को बर्बाद कर रही भाजपा सरकार : भारत मदान

युवा नेता बोले, सरकार पूरी तरह पूंजीपतियों के नियंत्रण में

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव भारत मदान ने दुकानदार और व्यापारी की आवाज बनकर कहा की ऑनलाइन दुकानदारी के बढ़ावे से छोटे दुकानदारों को बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने सरकार को पूंजीपतियों के कब्जे से बाहर आकर देश के गरीब और आम लोगों के लिए काम करने की बात कही। यहां जारी बयान में पंजाबी कांग्रेसी नेता भारत मदान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही व्यापारी विरोधी रही है। बाजार पर ऑनलाइन की चोट करके कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने सदर बाजार के व्यापारियों की बात रखते हुए कहा कि ऑनलाइन के कारण अब बाजारों से रौनक गायब होती जा रही है। बाजारों में भीड़ नजर आ रही है लेकिन खरीदारी बहुत कम हो रही है। यह

सब ऑनलाइन शॉपिंग का असर है। उन्होंने कहा कि 1 रूपये से लेकर महंगी से महंगी चीजें ऑनलाइन माध्यम से मिल रही हैं। सरकार ने ऑनलाइन सामान भेजने वाली कंपनियों को बढ़ावा देकर छोटे दुकानदारों को भूखे मरने के कगार पर पहुंचा दिया है। इसके अलावा गुरुग्राम में पार्किंग की बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि पुलिस भी आम जनता को त्योहारी सीजन में परेशान करती है। त्योहारों पर पुलिस को चाहिए कि रूट डायवर्जन ना करे। अतिक्रमण के नाम पर नगर निगम दुकानदारों को परेशान ना करे। भारत मदान ने सरकार को चेताते हुए कहा की जल्द ही बाजारों में साफ सफाई कराई जाए । कांग्रेस पार्टी सदेव दुकानदारों के हक की बात करती थी और करती रहेगी । जरूरत पड़ी तो पार्टी सड़को पर उतरने में देर नहीं लगाएगी ।

गुरूकमल तो बना दिया, बस अड्डा कब बनाओगे ?

बस अड्डा और अस्पताल नहीं बन रहा। मदान ने कहा कि लंबे समय से एक पार्किंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि दूसरी के गड्ढे खोदकर डाल दिए गए हैं। वहां पर कुछ भी नहीं हो रहा। भाजपा ने अपने सुख के लिए अपना कार्यालय गुरूकमल तो कम समय में बना लिया, लेकिन भाजपा की सरकार मिलेनियम सिटी के बस अड्डे और नागरिक अस्पताल को लेकर कुछ नहीं कर रही। वर्षों से बस अड्डा कंडम है। कंडम बस अड्डा गुरुग्राम पर धब्बा है। इस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। शहर में सफाई नहीं होने से गंदगी से बाजार, सड़कें अटी पड़ी हैं। बदबू से लोग परेशान हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रही।

खबर फटाफट

श्रीसाईं बाबा का समाधि उत्सव कार्यक्रम आज से

तावडू। शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं धाम मंदिर में श्रीसाईं बाबा धाम एवं संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में 16वीं बार श्रीसाईं बाबा के समाधी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 22 से 24 अक्टूबर तक किया जाएगा। यह जानकारी श्रीसाईं बाबा धाम एवं संस्थान ट्रस्ट की उपप्रधान नेहा रानी ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस भी विजय दसमी पर्व के दिन श्रीसाईं बाबा के समाधी उत्सव के उपलक्ष्य में इस बार भी 16वीं बार भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज रविवार को प्रात॰ साढे 5 बजे काकड आरती, बाबा का श्रृंगार, पुष्पांजली व साईं सच्चरित्र पाठ के साथ आरंभ किया जाएगा। वहीं 24 अक्टूबर को प्रात॰ साढे 5 बजे काकड आरती, श्रीसाईं बाबा का श्रृंगार व पुष्पांजली कार्यक्रम किया जाएगा। तत्पश्चात श्रीसाईं सच्चरित्र पाठ का भोग डाला जाएगा। दोपहर 1 बजे भव्य साईं पालकी पूरे शहर से हर्षोल्लास से निकाली जाएगी। सांय काल साईं संध्या का आयोजन किया जाएगा और साईं संध्या में बाबा के गुणगान के लिए क्षेत्र के प्रख्यात कलाकार सन्नी साईं व दिल्ली से रोशनी बत्रा के अलावा सुंदर-सुंदर झांकियों के लिए रेवाडी से रॉकी एंड पार्टी को आमंत्रित किया गया है। वहीं रात्रि साढे 8 बजे विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

सक्षम लोगों को समाज हित में काम करना चाहिएः मलिक

तावडू। समाज के अग्रणी व सक्षम लोगों को निजहित के साथ-साथ समाज हित में भी काम करना चाहिए। नेता व उद्योगपति इस कार्य में और अधिकसहायक साबित हो सकते है। देश की साठ फीसदी से अधिक जनता गावों में रहती है। जहां शिक्षा का स्तर न के बराबर है। यह विचार एसआरएफ फांउडेशन के गुणानिधि मलिक ने रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की कमी के चलते ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग अपने बच्चों को दसवीं कक्षा से आगे पढ़ाने के बारे विचार भी नहीं करते हैं। आमतौर पर देखा गया है कि आधुनिक दौर में भी लड़कियों को उच्च शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज में अनेक बुराइयां मुंह उठाएं खड़ी है। इसके पीछे भी मूल कारण अशिक्षा होना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा तथा अपने बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा देनी होगी। तब जाकर समाज में कुछ परिवर्तन होने की संभावना बनेगी। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था पिछले कई वर्षों से मिलकर गांवों में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए भी कार्य कर रही है।

दुपहिया वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार व उनकी टीम ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूरज, सचिन उर्फ देवव्रत तथा रोहन उर्फ जानू का नाम शामिल है। आरोपी रोहन फरीदाबाद के एसजीएम नगर का रहने वाला है वहीं आरोपी सूरज तथा सचिन वृंदावन के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 15 अक्टूबर को आरोपी सूरज तथा रोहन को चोरी की मोटरसाइकिल सहित बल्लभगढ़ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया था जो आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में घूम रहे थे। आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने के बाद पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पिछले करीब 3 महीने में फरीदाबाद से लगभग आठ वाहन चोरी किए हैं जिनकी बरामदगी के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया और पुलिस रिमांड के दौरान उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आरोपी सचिन को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 मोटरसाइकिल तथा 3 स्कूटी बरामद की। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी सूरज के खिलाफ इससे पहले मथुरा में गैंगस्टर एक्ट, हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, अवैध हथियार इत्यादि धाराओं के तहत 13 मुकदमे दर्ज हैं वहीं आरोपी सचिन के खिलाफ भी यूपी में गैंगस्टर एक्ट, डकैती का प्रयास, अवैध हथियार चोरी के 4 मुकदमे दर्ज हैं तथा आरोपी रोहन के खिलाफ फरीदाबाद के सिटी बल्लभगढ़ थाने में चोरी का एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपी रोहन वाहनों की रेकी करता है उसके बाद वह अपने साथियों को फोन करके बुलाता है और वह मिलकर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

डीसीपी राजेश दुग्गल ने मीटिंग लेकर दिए अहम दिशा निर्देश

फरीदाबाद। डीसीपी बल्लबगढ़ ने सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर-8 के ऑडिटोरियम में बल्लभगढ़ जॉन के एसीपी बल्लभगढ़ विष्णु प्रसाद, एसीपी तिगांव राजेश कुमार लोहान, बल्लभगढ़ जॉन के सभी थाना प्रबंधको, सभी चौकी प्रभारियों वार्ड और ग्राम प्रहरी की मीटिंग ली जिसमें डीसीपी ने ग्राम प्रहरी एप्लीकेशन के सभी बिंदुओं के बारे में चर्चा की और ग्राम प्रहरी के रजिस्टर को किस प्रकार भरे उसके बारे में विशेष जानकारी प्रदान की। डीसीपी राजेश दुग्गल ने बताया कि ग्राम प्रहरी एप्लीकेशन से गांव की हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। अपराधियों पर नजर रखने के साथ-साथ, गांव में अकेले रह रहे बुजुर्गों का डाटा भी जुटाया जाएगा। साथ ही बुजुर्गों को किसी भी मदद की आवश्यकता होने पर उन्हें मदद दी जाएगी। ग्राम व वार्ड प्रहरी को एप्लीकेशन पर अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी रखनी होगी जैसे की कितने बैंक हैं, कितने मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च हैं। उसके साथ ही किराए पर रह रहे व्यक्ति की वेरिफिकेशन हुई या नहीं यह भी ग्राम प्रहरी सुनिश्चित करेगा। एरिया में किस क्षेत्र में कितने सीसीटीवी कैमरे हैं यह भी ग्राम प्रहरी अपने पास रिकॉर्ड सूची रखेगा। ग्राम प्रहरी गांव में सभी मौजिज व्यक्तियों, सरपंच, पंचों, पार्षदों की सूची व मोबाइल नंबर रखेगा। ग्राम प्रहरी गांव में पनप रही पारिवारिक रंजिश और पुरानी रंजिश पर नजर रखेगा और इसकी सूचना अधिकारियों को देगा ताकि भविष्य में कोई अपराध होने से रोका जा सके। इसके साथ ही प्रहरी अवैध खनन, अवैध नशा पर भी नजर रखेंगे। कहां पर अवैध खनन और अवैध रूप से नशा का कारोबार हो रहा है और कौन लोग इसमें शामिल है। साथ ही डीसीपी राजेश दुग्गल ने बल्लभगढ़ जोन के सभी थाना प्रबंधकों और सभी चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली और 16 अक्टूबर को पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा ली गई मीटिंग में दिए गए दिशा निर्देश के बारे में अवगत कराया। इसके पश्चात सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर 8 के हृदय रोग संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर रंजन मोदी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारी को हृदय संबंधित बिमारियों से बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

नूंह में सीएम मनोहर लाल ने हिंसा ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़कली चौक पर हिंसा प्रभावित स्थानों, दुकानों का किया निरीक्षण

सीएम ने कहा कि नूंह हिंसा निदंनीय, इसे भुलाया जाना ही सबके हित में

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को नूंह जिला के बड़कली चौक पर पहुंचकर 31 जुलाई को हुई हिंसा वाली जगहों व दुकानों का निरीक्षण किया और इस घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को भुलाया जाना ही सबके हित में है। मुख्यमंत्री ने हिंसा से प्रभावित बड़कली चौक के निवासियों को आश्वसान दिया कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी। जिला प्रशासन द्वारा हिंसा से प्रभावित स्थानों, दुकानों व सामान आदि का जो भी नुकसान हुआ है, उसका आंकलन करवाया जा रहा है। जिन व्यक्तियों के नुकसान का आंकलन नहीं हो पाया है, उन्हें भी इसमें शामिल करते हुए जायज नुकसान की पूरी भरपाई की जाएगी। हिंसा में आगजनी से जो गाडियां जली थी, उन सब का भी आंकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ड्क्षहसा में हुए नुकसान के आंकलन के लिए एफसीआर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी। वे स्वयं भी निरंतर नूंह ड्क्षहसा की घटना पर नजर बनाए हुए थे और जिला प्रशासन के अधिकारियों, स्थानीय लोगों व अन्य प्रमुख लोगों से हर पल की रिपोर्ट ले रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं को जायज नहीं ठहराया जा सकता। आज के दिन हालात पूरी तरह सामान्य हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 जुलाई को जो घटनाक्रम हुआ वह निंदनीय है। हर व्यक्ति इस बात की निंदा कर रहा है। ये घटना नहीं होनी चाहिए थी। फिर भी अगर इस तरह की कोई भी अप्रिय घटना होती है तो जिला प्रशासन व सरकार का दायित्व होता है कि ऐसे हालात में कानून व्यवस्था को तुरंत सामान्य किया जाए। सभी के प्रयास से हालात पूरी तरह से समान्य हो गए हैं। सीएम ने कहा कि इसी उद्देश्य को लेकर पीस कमेटी के साथ भी एक बैठक की गई थी जिसमें सभी समाज के नागरिकों ने हिस्सा लिया था। सभी नागरिकों ने एक सुर में भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न होने देने का प्रण भी लिया है। इस अवसर पर उनके साथ सोहना से विधायक कंवर संजय सिंह, उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजरानियां, वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन, जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, फिरोजपुर झिरका से पूर्व विधायक नसीम अहमद, बीजेपी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, हरियाणा गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानीराम मंगला, खुर्शीद राजाका आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

हिंसा में मारे गए शक्ति सिंह के परिजनों को दी सांत्वना

नूंह। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह जिला में अपने दो दिवसीय के दौरे के दूसरे दिन गांव भादस में पहुंचकर 31 जुलाई को हिंसा के दौरान मारे गए 35 वर्षीय शक्ति सिंह के परिजनों से मुलाकात कर शोक प्रकट किया तथा परिजनों को सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। सीएम ने उनकी धर्मपत्नी के सिर पर हाथ रखा और उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस दुख की इस घड़ी में शक्ति ड्क्षसह के परिजनों के साथ है। मेवात क्षेत्र में 31 जुलाई को हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। सरकार इस हिंसा से प्रभावित नागरिकों के प्रति संवेदनशील है। हिंसा में जिन लोगों के जान-माल का नुकसान हुआ है, उन्हें मदद दी जा रही है। सरकार द्वारा नुकसान का आंकलन करवाकर सभी के नुकसान की भरपाई की जाएगी। ऐसे परिजनों को क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से मुआवजा दिया जा रहा है। कुछ मामलों की अभी जांच जारी है, जिसे पूरा होने के तुरंत बाद मुआवजा दे दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने परिजनों से शक्ति सिंह के साथ हुई घटना की पूरी जानकारी भी परिजनों से ली। सीएम ने उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा को निर्देश दिए कि वे शक्ति सिंह के बच्चों की शिक्षा की उचित व्यवस्था करवाएं। इस अवसर पर उनके साथ सोहना से विधायक कंवर संजय सिंह, उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजरानियां, वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन, जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, फिरोजपुर झिरका से पूर्व विधायक नसीम अहमद, बीजेपी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, हरियाणा गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानीराम मंगला, खुर्शीद राजाका आदि समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नल्हेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

नल्हेश्वर महादेव मंदिर में पूजा की, कहा अज्ञातवास के दौरान यहां रुके थे पांडु के पांचों पुत्रः सीएम

■ भगवान शिव की अराधना कर सभी के जीवन की सुख-समृद्धि की कामना की

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह जिला में अपने दौरे के दौरान शनिवार को नूंह के गांव नल्हड़ में स्थित नल्हेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल जब मंदिर में पहुंचे तो सरदार गुरमुख ड्क्षसह स्कूल की छात्राओं ने तिलक लगाकर व मंत्रो%%ारण से उनका स्वागत किया। मंदिर में प्रवेश करने पर पुजारी पंकज मिश्रा ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करवाई तथा मुख्यमंत्री ने भगवान शिव की अराधना कर सभी के जीवन की सुख-समृद्धि की कामना की। सीएम ने इस अवसर पर कहा कि नल्हेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है और यह बहुत ही पावन स्थान है। ऐसी मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडु के पांचों पुत्र यहां आकर रूके थे। उन्होंने इस अवसर पर मंदिर में प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ सोहना से विधायक कंवर संजय सिंह, उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजरानियां, वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन, जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, फिरोजपुर झिरका से पूर्व विधायक नसीम अहमद, बीजेपी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, हरियाणा गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानीराम मंगला समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

दुर्गा मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि माता की पूजा कर निकाली शोभा यात्रा

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शारदीय नवरात्रों के पावन अवसर पर शहर के मंदिरों में दुर्गा मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि माता की पूजा श्राद्धालुओं द्वारा श्रद्धा पूर्वक की गई। मंदिरों में प्रात॰ काल से लंबी लाईन श्रद्धालुओं की लगी थी व पूरा शहर माता के जयकारों से गुंजायमान बना रहा। जिसको लेकर शनिवार सांय सप्तमी पर माता मंदिरों से शहर में मां की शौभा यात्राएं श्रद्धा व हर्षोल्लास से निकाली गई। इस दौरान माता के भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर माता की शौभा यात्रा हर नवरात्र की भांति इस बार भी वैष्णों माता मंदिर से धूमधाम से निकाली गई। वहीं शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित वैष्णों माता मंदिर कमेटी के तत्वाधान में शनिवार को सप्तमी पर शौभा यात्रा भव्य रूप से निकाली गई। मां कालरात्रि के तीन नेत्र हैं, जो ब्रह्मांड की तरह गोल हैं। इन तीनों से विद्युत की ज्योति चमकती रहती है। माता कालरात्रि के ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ में चमकती हुई तलवार है, इसके नीचे हाथ में वरमुद्रा है, जिससे भक्तों को अभीष्ट वर देती है। बांए हाथ में जलती हुई मशाल है और नीचे वाले हाथ में अभयमुद्रा है। जिससे अपने सेवकों को अभय दान करती है और अपने भक्तों को सभी कष्टों से मुक्त करती है। नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की साधक पूजा उपासना करते हैं। सप्तमी के दिन साधक का मन सहस्वार चक्र में स्थित रहता है। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णत॰ मां कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। माता कालरात्रि की उपासना से उपासक को अग्नि, भय, जलभय सहित अन्य भय नहीं रहता है तथा ये ग्रह बाधाओं को भी दूर करने वाली है। कालरात्रि की उपासना करने से ही ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है।

भाजपा सरकार किसानों की मांगों को लेकर गंभीर नहींः सुभाष

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुभाष चौधरी ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मांगों का किया समर्थन

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। जेवर हाईवे उतार चढ़ाव संघर्ष समिति की ओर से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने का समर्थन करने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुभाष चौधरी पहुंचे। धरना पिछले कई दिनों से जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए बन रहे ग्रीन एक्सप्रेसवे पर कट बनाए जाने की मांग को लेकर मोहना गांव स्थित कालका मंदिर के पास किया जा रहा है। धरनास्थल पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुभाष चौधरी ने पहुंचकर किसानों की मांगों का समर्थन किया और इस धरने को जायज करार दिया। धरने को संबोधित करते हुए सुभाष चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के अधिकारों का हनन करने पर तुली है, किसानों की जमीनों को हड़पने के बाद अब किसानों की मांगों की ओर कतई गंभीर नहीं है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी खुद की जमीन इस हाईवे में एक्वायर हुई है, लेकिन 2008 से आज तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला। वर्ष 2014 में कांग्रेस ने जो भूमि अधिग्रहण कानून बनाया था, उसके तहत मुआवजे भाजपा सरकार ने नहीं दिए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार इस हाईवे से किसानों को उतार चढ़ाव मिलना चाहिए लेकिन अपनी इस जायज मांग के लिए ग्रामीण दर-दर की ठोंकरे खाने को मजबूर हो रहे है, लेकिन उनकी कही कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने किसानों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर उन्हें जेवर एक्सप्रेसवे से उतार-चढ़ाव दिलवाया जाएगा और उनकी अन्य मांगें भी पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित है इसलिए उनकी इस हक-हकूक की लड़ाई में वह पूरी तरह से उनके साथ है। गौरतलब है कि मोहना सहित आसपास के गांवों की करीब 130 एकड़ जमीन जेवर ग्रीन एक्सप्रेसवे में गई है, मगर सरकार यहां पर लोगों की मांग के अनुसार कट नहीं बनवा रही है, जबकि मई 2022 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पन्हेडा गांव में हाईवे पर उतार चढाव के लिए कट को बनाने की घोषणा की थी, मगर मोहना में कट को नहीं बनाया जा रहा है। इसी मांग को लेकर अब किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है और किसानों ने सरकार को इस हाईवे पर काम तक रोक देने की चेतावनी भी दी है।

ट्रक से सील तोड़कर लाखों का माल चोरी मामला दर्ज

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। उपमंडल के गांव झामूवास लाईफ स्टाईल इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड के ट्रांसपोर्ट कंटेक्टर का ट्रक चालक ने ट्रक से लाखों रूपए का माल सील तोड कर निकाल लिया। ट्रांसपोर्ट कंपनी पर दबाव बनाने पर लाखों रूपए का माल तो वापिस कर दिया। लेकिन 1 लाख रूपए का माल नहीं दिया। पुलिस ने कंटेक्टर की शिकायत पर नामजद ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिला रेवाडी के गांव टीट निवासी सुभाष चंद्र ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने लाईफ स्टाईल इंटनेशनल प्राईवेट लिमिटेड तावडू बिलासपुर रोड समीप धारीवाल होटल झामुवास का ट्रांसपोर्ट का कंटेक्ट लिया हुआ है। गत 3 अक्टूबर को एक गाडी गांव सबरस निवासी कुलदीप प्रोपराईटर जाट ट्रांसपोर्ट कंपनी चक्कर के हिसाब से ली थी। जोकि गत 4 अक्टूबर को एमजी रोड ग्ररूग्राम से वापिस लाई। जब गाडी कंपनी में पहुंची तो सील टूटी हुई थी। जिसका चालक गांव सबरस निवासियान नसीम व जुबेर ने मिलकर 530 रेडीमेड गारमेंटस के पीस निकाल लिए। जोकि कंपनी वालों ने उक्त गाडी से माल अनलोड करते समय 530 पीस रेडीमेड के कम पाए। जिस पर उसने कुलदीप प्रापराईटर जाट ट्रांसपोर्ट पर दबाव बनाया और सारे पीस वापिस करने को कहा। लेकिन कुलदीप ने केवल 465 पीस रेडीमेड के वापिस कराए। जबकि 65 पीस अभी भी वापिस नहीं दिलाए हैं। इन 65 पीसों की कंपनी ने 1 लाख रूपए कीमत बताई है। अब कुलदीप ट्रांसपोर्ट व नसीम ने बाकी 65 पीस वापिस करने से साफ मना कर दिया। पुलिस ने सुभाष चंद्र की शिकायत पर उक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

श्रीराम के आदर्श जीवन का अंगीकार कर जीवन को बनाएं सार्थकः सीकरी

बोधराज सीकरी ने बतौर मुख्य अतिथि रामलीला आयोजनों में की शिरकत

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों को रामलीला आयोजन के माध्यम से दर्शाया जा रहा है और सामाजिक समरसता के संदेश दिए जा रहे हैं। बीती रात प्रेम मंदिर व अन्य स्थानों पर आयोजित रामीलाओं में पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ महासंगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कथूरिया, धर्मेंद्र बजाज, गजेंद्र गोसाई, राम किशन गांधी और रमेश कामरा आदि मौजूद रहे। बोधराज सीकरी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन का अंगीकार कर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। चरित्र निर्माण करना, संस्कारवान होना, देश के प्रति, समाज के प्रति कर्तव्यपरायणता का भाव होना यह सब गुण भगवान राम जी के आदर्श रूपी जीवन से युवा पीढी को सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बडे पर्यावरणविद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी थे। जिन्होंने अपनी युवा अवस्था के 14 वर्ष वनों को दिए ताकि वहां का पर्यावरण का संतुलन बना रहे। उन्होंने अपने जितने भी युद्ध हुए चाहे हो खर दूषण का युद्ध हो, चाहे रावण का युद्ध हो, चक्रवर्ती सम्राट होने के बावजूद किसी राजा को नहीं बुलाया बल्कि वानरों को और रीछ जाति को इस प्रकार के लोगों को एकत्र कर एक सद्भावना का माहौल पैदा किया था और वहां पर बोधराज सीकरी ने युवा को विशेषकर पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए और प्रकृति मां के प्रति सोचने के लिए काफी बल दिया।

मुलाकात | जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम ने मुख्यमंत्री से मिल जताया आभार

सीएम बोले, हरियाणा सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

पत्रकारों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य करने पर मुख्यमंत्री का पत्रकारों ने जताया आभार

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। पत्रकारों के हित में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा लिए गए अहम निर्णयों पर शुक्रवार को जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के बैनर तले पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री द्वारा सेवानिवृति पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की पेंशन में बढ़ोतरी के साथ गुरुग्राम में जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम को कार्यालय के लिए भवन भी उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के प्रधान संजय यादव, प्रवक्ता संजय कुमार मेहरा, राजेश यादव, अभिषेक बहल, दीपक शर्मा, प्रियंका दुबे मेहता, नीरज अम्बावता, देवेंद्र शर्मा, धर्मवीर शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, प्रवीन वत्स, इंद्रजीत कटारिया, मोनू सैनी, हिमांशु, आकाश खुराना, संजय राठौर, मोहित कुमार, योगेश कुमार, कृष्ण जांगड़ा, हनु सैनी, अनुज पांचाल समेत अनेक पत्रकार मौजूद रहे। हाल ही में हरियाणा सरकार ने पत्रकारों को मिलने वाली मासिक पेंशन को दस हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए, मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए 10 लाख रुपए की निःशुल्क टर्म/ग्रुप बीमा योजना व डिजिटल मीडिया पॉलिसी को लागू करने का निर्णय लिया है। जिसके चलते गुरुग्राम जिला के पत्रकारों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया और हरियाणा सरकार की पत्रकारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही नीतियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जन जागरूकता में मीडिया का सबसे अहम योगदान है। विधानपालिका, न्यायपालिका व कार्यपालिका के साथ-साथ मीडिया का एक मजबूत चौथे स्तंभ के तौर पर समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में सभी मीडियाकर्मियों को सकारात्मक सोच के साथ समाज के हित में सजग रहना होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस को चौथा स्तंभ माना गया है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाना और जनहित से जुड़े विषयों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में प्रेस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हरियाणा सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि मीडिया का समाज में अहम योगदान है। यह लोगों को सूचनाएं देने के साथ-साथ जागरूक करने का भी काम करता है। मीडिया प्रशासन की कमियों को दिखाकर जनता की समस्याओं को हल करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह अपने देश व प्रदेश की छवि को समाज में हो रहे अच्छे कार्यों के जरिए बेहतर बनाने का प्रयास करें। सरकार द्वारा हरियाणा मीडिया कार्मिक कल्याण निधि प्रशासन योजना के तहत बीमारी, मृत्यु, दुर्घटना या अन्य अप्रत्याशित आपात स्थितियों जैसे गंभीर जरूरतों के मामलों में उनके आश्रितों या कानूनी उत्तराधिकारियों को अब तक 161.74 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ माना गया है : सीएम

गुरुग्राम। लोकतंत्र में प्रेस (मीडिया) को चौथा स्तंभ माना गया है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाना और जनहित से जुड़े विषयों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में प्रेस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रदेश सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त उद्गार प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने गुरुग्राम स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस क्लब ऑफ गुरुग्राम के अध्यक्ष आरएस चौहान की अगुवाई में पहुंचे क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों से भेंट करते हुए व्यक्त किए। क्लब के सदस्यों ने हाल ही में हरियाणा सरकार ने पत्रकारों को मिलने वाली मासिक पेंशन को 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए व अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट किया और प्रदेश सरकार की पत्रकारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही नीतियों की सराहना भी की। प्रेस क्लब ऑफ गुरुग्राम द्वारा प्रेस क्लब कार्यालय के लिए भूमि आवंटित करने का अनुरोध भी मुख्यमंत्री से किया और गत वर्षों में इस संध में प्रदेश सरकार को भेजे गए पत्रों का रिमांइडर भी मुख्यमंत्री को दिया और उनसे आग्रह किया कि प्रैस क्लब पिछले 3 दशकों से कार्यरत है जो पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दे समय-समय पर उठाता रहा है। आग्रह किया गया कि प्रैस क्लब को भूमि आवंटित प्राथमिकता के आधार पर की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रैस क्लब की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन जागरूकता में मीडिया का सबसे अहम योगदान है। विधानपालिका, न्यायपालिका व कार्यपालिका के साथ-साथ मीडिया का एक मजबूत चौथे स्तंभ के तौर पर समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में सभी मीडियाकर्मियों को सकारात्मक सोच के साथ समाज के हित में सजग रहना होगा। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप नरुला, संजीव आहूजा, अशोक चौहान, एमके अरोड़ा, शैलेष गुप्ता, सुनीता चौहान आदि शामिल रहे। इस अवसर पर सोहना विधानसभा के विधायक संजय सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, सूचना एवं जनसंपर्क भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक एनसीआर आरएस सांगवान, मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

खबर फटाफट

यज्ञ के साथ लुहाना में प्रारंभ हुआ आर्य समाज का वार्षिकोत्सव

रेवाड़ी। आर्य संस्कृति समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की पक्षधर, पोषक एवं सजग प्रहरी रही है। आज के बदलते परिवेश में आर्य समाज से जुड़े विचारकों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ी है। इसलिए सभी मिलकर समृद्ध राष्ट्र तथा स्वस्थ समाज बनाने के लिए समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य करें।
ये विचार महात्मा यशदेव ने आज जिले के गांव लुहाना में व्यक्त किए। वे यहां आर्य समाज लुहाना के वार्षिक उत्सव में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे। यह दो दिवसीय वार्षिक उत्सव आज हवन यज्ञ के माध्यम से पूरे हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर आर्य विचारकों व कथा भजन उपदेशकों ने आर्य समाज के सिद्धांतों के प्रचार प्रसार में केंद्रीय भूमिका निभाई। स्वामी जीवानंद नैष्ठिक, स्वामी समर्पणानंद, स्वामी कर्ममुनि, महाशय धर्मपाल, प्राचार्य योगेश भारद्वाज, सतीश आर्य, कर्नल राजेंद्र सिंह, जयपाल आदि की विशिष्ट उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिनभर की विभिन्न गतिविधियों में अपना रचनात्मक योगदान दिया। आर्य समाज की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता यशपाल आर्य ने बताया कि कल समापन सत्र में प्रदेश व देश भर से आए आर्य विद्वान एवं विदुषियां अपने विचार एवं भजन उपदेश रखेंगे।

प्राणी शास्त्र विज्ञाग के पूर्व विद्यार्थियों ने सांझा किए अपने अनुभव

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा अब तक के पास आउट हो चुके विद्यार्थियों के लिए प्रथम एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग से पढ़े हुए और विभिन्न क्षेत्रों में अपना कॅरियर बना चुके पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद सागर शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को आप सब पर गर्व है। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए विभाग की विकास यात्रा का वर्णन किया एवं सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने एवं कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित विभाग के पूर्व अध्यक्ष सतीश खुराना ने अपने अनुभवों को बताया और कहा कि यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति बड़े ही लग्नशील हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एमएससी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति के गानों पर नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने विश्वविद्यालय से जुड़े कुछ अनुभव साझा किए। मंच संचालन विभाग में कार्यरत शिक्षिका डा. दीप्ति यादव ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 40 से अधिक पूर्व विद्यार्थी उपस्थित हुए। डा. प्रिया कुमारी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति यादव, डा. प्रिया यादव, डा. नवीन कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर राहुल, ऋषि, विनोद, आरती सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कनीना में एक एकड़ की कड़बी जलकर राख

कनीना। स्थानीय रेवाड़ी रोड पर बेजगराज बेंकट हॉल के सामने कृषि भूमि में लगी हुई एक एकड़ की कड़बी (पशुचारा) भी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने सबसे पहले डायलॉग 112 को सूचना दी डायल में 112 व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक कड़वी जलकर राख हो चुकी थी। कनीना के वार्ड नंबर एक निवासी वीरेंद्र सिंह ने रेवाड़ी रोड पर संगम कॉलोनी के पास डेढ़ एकड़ की कड़वी लगा रखी थी। जिसमें एक एकड़ की कड़वी अज्ञात कारणों के जलकर राख हो गई। वीरेंद्र सिंह ने जानकारी देते बताया कि अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। ग्रामीणों ने 112 पर कॉल करके आग की सूचना दी। सूचना के बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी व 112 भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों का कहना है कि दमकल विभाग की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही कड़बी जलकर राख हो चुकी थी। डायल 112 की टीम में मौके पर पहुंची एएसआई सतबीर सिंह की टीम पहुंची। कनीना फायर स्टेशन के फायरमैन नरेश, फायरमैन सुखवीर, ड्राइवर ओमप्रकाश ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे और आग पर काबू पाया लिया है। आसपास में लगी हुई कड़वी को बचा लिया गया है।

भागवत कथा के चौथे दिन मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

कनीना। गांव बाघोत में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गुंजायमान हो उठा। कथा के दौरान कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर वाजपेयी हरदोई वाले ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उद्घोष के साथ नृत्य करने लगे। कथा व्यास ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। इस दौरान कई मनमोहक भजन भी प्रस्तुत किए गए। बागेश्वर धाम प्राचीन शिव मंदिर प्रमुख सदस्य पंचायत समिति सदस्य महिपाल नम्बरदार बाघोत ने बताया बागेश्वर धाम प्राचीन शिव मंदिर में बागेश्वर धाम के मठाधीश महंत रोशन पुरी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं सानिध्य मे चल रही है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा। इस दौरान मुख्य यजमान कृष्ण जांगड़ा, जिला पार्षद अजीत तंवर, सरपंच राजेंद्र बागोत ,मुकेश शास्त्री गंगानगर, सुबेदार मागेराम पालड़ी, प्रधान बिक्रम गुर्जर, शुशील, सतते, नरेंद्र, आशिष सेठ, बमलहरी सहित अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से ग्रुप डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट हुआ शांतिपूर्वक

35619 अभ्यर्थियों ने पहले दिन दी सीईटी की परीक्षा

परीक्षा के चलते दिनभर जाम की गिरफ्त में रहा सर्कुलर रोड़, यातायात को सुचारु बनाने में पुलिस को दिनभर करनी पड़ी भारी मशक्कत

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा संचालित की जाने वाली ग्रुप डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी परीक्षा) के पहले दिन जिलेभर के 60 सेंटरों पर दो चरणों में कुल 60 हजार 480 में से 35619 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 24 हजार 861 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीईटी की परीक्षा को लेकर रेवाड़ी शहर में पूरे दिन भारी गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। शहर की लाइफलाइन कहे जाने वाले सर्कुलर रोड़ दिनभर जाम की गिरफ्त में रहा। सर्कुलर रोड़ पर भीषण जाम के चलते लोगों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ा। पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए दिनभर कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जिला में 21 अक्टूबर व 22 अक्टूबर को ग्रुप-डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी परीक्षा) का आयोजन किया गया। शनिवार को पहले दिन सुबह से ही परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्रों के बाहर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। सुरक्षा के मद्देनजर सभी सेंटरों के बाहर भारी पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। परीक्षा केंद्रों के बाहर लगी रोल नंबर लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थी अपने-अपने बैठने के कमरों तथा निर्धारित स्थान को भी तलाशते नजर आए। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचने वाले काफी संख्या में अभ्यर्थी बीती सायं ही यहां पहुंचने प्रारंभ हो गए थे। इसके अलावा भारी संख्या में निजी परीक्षार्थी अपने वाहनों के माध्यम से भी पेपर देने पहुंचे। परीक्षा के सुबह के सत्र में 30 हजार 240 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। जिनमे से केवल 17 हजार 657 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 12 हजार 583 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरे सत्र की सायंकालीन पारी में 30240 अभ्यर्थियों ने परीक्षा देनी थी। इनमे से 17962 ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 12278 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व नियुक्त किए गए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा करते नजर आए तथा उनकी नजरें दिनभर परीक्षा पर ही केंद्रीत रही। सायं के समय शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई परीक्षा को लेकर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। रविवार को दूसरे दिन भी दोनों सत्रों में परीक्षा का आयोजन होगा।
सीईटी की परीक्षा को लेकर दिनभर रेवाड़ी शहर में भारी गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले सर्कुलर रोड़ पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। विशेषकर परीक्षा छूटने के समय तथा सायं की पारी के बाद तो सर्कुलर रोड़ पूरी तरह जाम हो गया। वाहन चलने के बजाय रेंगते हुए नजर आए। सर्कुलर रोड़ पर यातायात के भारी दबाव के चलते लोगों ने समय बचाने के लिए शहर के अंदर की गली-मुहल्लों से गुजरना प्रारंभ कर दिया। जिसके चलते अनेक स्थानों पर वहां भी जाम की स्थिति बन गई। जिला पुलिस यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार दिनभर पसीना बहाती रही। सर्कुलर रोड़ पर तो वाहनों का जाम देर सायं तक कम होने का नाम नहीं ले रहा था। सायं करीब सात बजे उपरांत परीक्षार्थियों के वाहन अपने-अपने गंतव्यों को रवाना होने के बाद कुछ हद तक जाम से राहत मिली।

जिले में नहीं थम रहा साइबर क्राइम

पंचायत अधिकारी से बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगे 60 हजार, आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए साइबर थाना पुलिस ने एक पंचायत अधिकारी के साथ जीवन बीमा पॉलिसी के नाम पर 60 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के जिला मुर्शिदाबाद के सागर पारा के सिंहपारा कॉलोनी हाल किरायेदार नोयडा के सेक्टर-115 गांव सौरखा निवासी सुजान हैलदर पुत्र कृष्णा हैलदर के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि बीडीपीओ खोल कार्यालय में कार्यरत पंचायत अधिकारी कुंड मंडी निवासी कैलाश चंद ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने वर्ष 2018 में एक बीमा कंपनी एजेंट से बीमा कराया था। उसके पास 30 मार्च 2023 को एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम सुरभि शर्मा बताते हुए कहा कि एजेंट ने उसकी पॉलिसी से 30 फीसदी कमीशन व बोनस दिए जाने के लिए आवेदन किया है। इसकी शिकायत करनी होगी। बाद में खुद को जीवन बीमा लोकपाल बताने वाले आदित्य अग्रवाल के नाम से उसके पास फोन आया। उसने आधार कार्ड, पैन कार्ड, कैंसिल चेक व फोटो के साथ ईमेल आईडी उसके व्हाट्सएप नंबर भेजने को कहा। साथ उसने एक खाता नंबर दिया, जिस पर 60 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा। वह उसकी बातों में आ गया। उसने यह राशि आरटीजीएस से उसके बताए गए खाता नंबर पर ट्रांसफर करा दी। जो आरोपियों ने उसके साथ ठगी करके धोखा देकर उसकी 60 हजार रुपये की राशी हडप ली। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साइबर थाना रेवाडी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मामले में एक आरोपी सुजान हैलदर को नोयडा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध कराने एक आरोपी काबू

रेवाड़ी। कानोड गेट चौकी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गोकलगढ़ निवासी महेश उर्फ गेंणी पुत्र सत्यवीर के रूप में हुई है।जांचकर्ता ने बताया कि गत 7 मई 2023 को कानोड गेट चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि दीपांशु उर्फ लड्डू पुत्र अशोक कुमार मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी लोको मस्जिद के सामने खड़ा होकर अपनी स्कुटी पर गांजा बेच रहा है। सूचना के बाद रेडिग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुच कर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान दीपांशु उर्फ लड्डू के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 120 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी दीपांशु उर्फ लड्डू को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी दीपांशु उर्फ लड्डू ने बताया की उसे यह अवैध मादक पदार्थ गांव गोकलगढ़ निवासी महेश उर्फ गेंणी पुत्र सत्यवीर उपलब्ध करता था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी महेश उर्फ गेंणी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

भारतीय भाषा दिवस उत्सव प्रतियोगिता आयोजित

मंडी अटेली। राजकीय महाविद्यालय अटेली के प्रांगण में मनाए जा रहे भारतीय भाषा दिवस उत्सव के तीसरे सप्ताह में आज गुरुवार को काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय मेरी भाषा मेरा अभिमान था। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीष कुमार बीएससी तथा द्वितीय स्थान मोंटी बीए व तृतीय स्थान देवदत्त बीए ने प्राप्त किया।

ललकारने के उपरांत प्रभू राम के हाथों युद्ध में मारे जाते हैं खर-दूषण

धोखे से माता सीता का हरण कर ले गया दशानन, लीलाओं का पीतल नगरी में जमकर हो रहा मंचन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मन्दिर आदर्श रामलीला के मंच पर बीती रात्रि भरत मिलाप, शुपर्णखा की नाक काटने, खर-दूषण वध तथा सीता हरण तक की लीला का मंचन किया गया।
रामलीला के सचिव याद केण् सुगन्ध ने बताया किच बीती रात्रि लीला में दिखाया गया कि भरत द्वारा प्रभू राम की चरण पादुका लाने के बाद सुपर्णखा श्रीराम व लक्ष्मण के सामने विवाह का प्रस्ताव रखती है तो श्री राम शालीनता से मना करते हैं। मगर जब वह उनसे जबरदस्ती करती है तो लक्ष्मण उसका नाक काट देते हैं। सुपर्णखा अपने भाइयों खर व दूषण को भडे ाती है और खर व दूषन द्वारा ललकारने पर दोनों ही राम जी के हाथों मारे जाते हैं। सुपर्णखा द्वारा रावण के दरबार में जाकर, राम-लक्ष्मण की शिकायत करने, रावण द्वारा मामा मारीच की सहायता से सीता के हरण तक के दृश्यों का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि आज की लीला का शुभारम्भ लायंस क्लब के प्रधान संदीप गोयल व नवदीप जवैलर्स के वैभव सोनी ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया। उन्होंने राम जी को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेने के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को राम जी के आदर्श अपनाने चाहिए। लीला के प्रधान एम पी गोयल, उप प्रधान श्याम सुन्दर, महेश पटवारी, सुभाष गुप्ता ने उनका स्वागत व आभार व्यक्त किया। मुख्य निर्देशक भारत भूषण कश्यप व राजेश पंवार ने बताया कि ललित ने रामए रूपेश ने सीता, हिमांशु ने लक्ष्मण, विजय ने रावण, संजय ने सुपर्णखा, सुनील ने मारीच, कर्ण व संजय ने खर व दूषन का सजीव अभिनय किया और दर्शकों को देर रात तक बैठने पर मजबूर कर दिया। संगीत निर्देशन श्रीपति शेखावत ने किया। विकास गुप्ता, कुणाल, रमेश वशिष्ठ, लोकेश गोयल, सुरेश सेन, मनीष, मन मयूर सुगन्ध आदि ने रामलीला के सफल मंचन में अपना सहयोग दिया। उधर, श्री शिव रामलीला समिति नई अनाज मंडी की लीला के छठे दिन की लीला में भरत मिलाप से शुरू करके सुर्पणखा की नाक काटना, खर-दूषण वध व अंत में मारीच महल में सीताहरण योजना तक की लीला दिखाई गई। लीला के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि लीला का शुभारंभ मुख्यातिथि भूपेंद्र कुमार गुप्ता नगर पार्षद व रामलीला के मंच संचालक ने किया। इस अवसर पर उनके साथ एडवोकेट मधुसूदन शर्मा, अनेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर गुरमुख अनेजा, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के उप प्रधान प्रशांत यादव, एडवोकेट सुनील भार्गव, प्रधान नवल किशोर गुप्ता, उप प्रधान राजेश अग्रवाल, उप प्रधान हरकेश यादव, रिशु यादव, विष्णु गुप्ता, बबलू जिंदल मौजूद रहे। मंच संचालन समिति के मुख्य संरक्षक नरेश मित्तल ने किया। दीपक मंगला ने बताया कि लीला में राम का अभिनय आशीष शर्मा, सीता का अभिनय निशांत सोनी, लक्ष्मण का अभिनय नवीन लखेरा, रावण संजीव वशिष्ठ, विभिषण बीडी अग्रवाल, मेघनाद पवन डाबला, भरत मुकेश चावरिया, शत्रुघन रक्षित शर्मा, निषाद राज विपिन अग्रवाल, गुरू वशिष्ठ प्रकाश सैनी, भील यशपाल, कौशल्या हर्ष, कैकई नकुल, सुमित्रा लक्की, खर डा. श्याम बिहारी, दूषण अनिल रामपुरा, सुर्पणखा कपिलचन्द शर्मा, मारीच किशनचन्द वशिष्ठ तथा मंत्री व प्राईवेट सेना में राजे, अशोक शर्मा, बबलू, विनित, नितिन चावरिया, उज्जवल, नरेन्द्र यादव, रोहित आदि ने अभिनय किया।

वीर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता : एसपी सहारन

पुलिस लाइन में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस

पुलिस अधीक्षक ने शहीद सब इंस्पेक्टर रणबीर सिंह की वीरांगना माधवी व बेटी दीपिका को किया सम्मानित

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन में शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, डीएसपी रेवाड़ी संजीव बल्हारा, डीएसपी शहर पवन कुमार, डीएसपी बावल नरेन्द्र सांगवान, डीएसपी कोसली जयसिंह सहित सभी थाना प्रबंधक, इंचार्ज सुरक्षा शाखा सहित अन्य अधिकारियों व जवानों ने भी शहीद हुए पुलिस व अर्धसैनिक बलों के जवानों का भावपूर्ण स्मरण किया गया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे है तथा दुश्मनों से देश की सीमाएं सुरक्षित है। देश में पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। 21 अक्टूबर 1959 को केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल के दस जवानों ने लद्दाख में देश की सीमा की सुरक्षा करते हुए चीन की सेना के साथ हुई मुठभेड़ में अपने प्राण बलिदान किए थे। तभी से लेकर आज तक समस्त देश में इस दिन को पुलिस शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करने का आह्वान किया। इससे पूर्व पुलिस गार्द द्वारा शहीदों को सलामी दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
पुलिस अधीक्षक श्री दीपक सहारन ने शहीद हुए सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह की वीरांगना माधवी व बेटी दीपिका को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एसआइ रणवीर सिंह ने फर्ज निभाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत पर पूरे पुलिस विभाग को गर्व है।

मांग

मीरपुर स्थित आईजीयू में कार्यरत अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

अतिथि अध्यापकों की तर्ज पर सेवाएं देने की मांग

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में कार्यरत अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों ने प्रदेश के अन्य सरकारी विद्यालयों में कार्यरत अतिथि अध्याकों की तर्ज पर उनकी सेवाएं सुरक्षित किए जाने की मांग को लेकर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा।
कोसली विधायक को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में कार्यरत अस्थाई असिस्टेंट प्रोफेसर पिछले छह-सात साल से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका चयन यूजीसी द्वारा निर्धारित सभी पात्र शर्तों के आधार पर विधि सम्मत किया गया था। लंबे संघर्ष के बाद सरकार व विवि प्रशासन ने उन्हें सातवें वेतनमान का बेसिक वेतनमान देना भी प्रारंभ शुरु कर दिया, लेकिन सेवाओं का प्रारुप अस्थाई होना, हम सभी को एक अज्ञात भय व अनिश्चितता भरी परेशानी से घेरे रखता है। हम में से अनेकों अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों की उम्र 40-50 साल को पार कर चुकी है। जिसके कारण हर समय बेरोजगारी की तलवार हमारे सिर पर लटकती रहती है।
ज्ञापन के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसरों ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की तर्ज पर हरियाणा सरकार व विश्वविद्यालय प्रशासन कार्य परिषद में एजेंडा ले जाकर उनकी सेवाएं सुरक्षित की जाए। इसके अलावा विवि के जिन विभागों में अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों की आवश्यकता है, वहां विवि प्रशासन स्थायी भर्ती कर नियुक्तियां करें, लेकिन हरियाणा सरकार व विवि प्रशासन के उच्चाधिकारियों को प्रयास रहना चाहिए कि भर्ती विषयानुसार स्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों, अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों को छोड़र शेष रिक्त पदों के वर्कलोड पर की जाए ताकि सरकार व विवि को अन्य अतिरिक्त वित्तीय भार वेतन व प्रशिक्षण देने में वहन न करना पड़े और हमारे जीवन का निर्वाह भी चलता रहे। इस मौके पर आईजीयू के अनेक अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर मौजूद थे।

दक्षिणी हरियाणा में डीएपी व यूरिया खाद की किल्लत

रबी फसल की बिजाई को लेकर किसानों के समक्ष खड़ा हुआ संकट

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि दक्षिणी हरियाणा-अहीरवाल में हरियाणा के अन्य क्षेत्रों की तुलना में डीएपी व यूरिया खाद की कम सप्लाई होने के कारण रबी फसल की सरसों व गेंहू की बिजाई में किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। विद्रोही ने कहा कि सभी जानते है कि हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र में सरसों व गेंहू की बिजाई प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में 20 दिन से एक माह पहले ही शुरू हो जाती है। इस तथ्य को जानते हुए भी भाजपा खट्टर सरकार ने अहीरवाल के साथ 9 सालों से किये जा रहे सौतेले व भेदभावपूर्ण व्यवहार को आगे बढ़ाते हुए गत वर्षों की तरह ही इस साल भी यहां डीएपी व यूरिया खाद की पर्याप्त व्यवस्था न करके किसानों को डीएपी व यूरिया बाजरा में ब्लैक में खरीदने को मजबूर कर दिया है। डीएपी आवंटन में अहीरवाल के तीन जिलों रेवाडी, महेन्द्रगढ़ व गुरूग्राम के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया है। विद्रोही ने कहा कि अन्य जिलों की तुलना में अहीरवाल के इन तीन जिलों में डीएपी खाद कम भेजा गया है जिसके चलते सहकारी समितियों, पैक्स में डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में न होने से किसान इधर-उधर से 1350 रूपये प्रति कटटा का डीएपी 1500 से 1600 रूपये में खरीदने को मजबूर है। वहीं निजी खाद डीलर किसानों को डीएपी खाद के साथ जबरदस्ती अन्य रासायनिक दवाएं व नैनो यूरिया लेने को मजबूर कर रहे है। डीएपी खाद की कमी से पूरा अहीरवाल परेशान है।

खबर फटाफट

नहर में कूदने वाली दूसरी छात्रा का शव भी बरामद हुआ

फतेहाबाद: मुख्याध्यावक की कार्रवाई के डर से नहर में कूदने वाली दूसरी छात्रा का शव भी बरामद हो गया है। बता दें कि 18 अक्टूबर को नहर में कूदने वाली गांव ढांड निवासी दो बहनों में से दूसरी बहन का शव सिरसा के गांव नारायणखेड़ा के पास नहर से बरामद हुआ है। गत19 अक्टूबर को पहली छात्रा का शव सिरसा क्षेत्र से ही बरामद हुआ था। बीते दिन पुलिस ने युवतियों के पिता की शिकायत पर गांव ढांड के सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल, चार अध्यापकों सहित 7 पर आत्महत्या को मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया था।

मौसम का बदल रहा मिजाज

चंडीगढ़: प्रदेश के कई हिस्सों में रात में दिसंबर जैसे मौसम का अहसासा होने लगा हैं। कई जगह न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री से कम हो जाता है। दिन के तापमान में भी 4.9 डिग्री की गिरावट पाई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अब तापमान में गिरावट आती रहेगी। विभाग का कहना है कि बारिश के आसार बनने शुरू हो गए हैं। अधिकांश जिलों में बादल छाए रहेंगे। कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे तापमान में और गिर जाएगा। हाल ही में हुई बारिश से वायु प्रदूषण से काफी सुधार हुआ है। कुछ शहरों को छोड़कर अधिकांश जिलों एक्यूआई 200 से कम रिकॉर्ड किया गया। बारिश से सुबह शाम लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है, कई स्थानों पर लोगों को रात में गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं।

नशीला पानी पिला कर नाबालिग को बनाया हवस का शिकार

पलवल: हसनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग का अपहरण करके ले जाने के बाद उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किय गया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। नाबालिग लड़की के पिता की शिकायत पर हसनपुर थाना पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत दी है कि गदपुरी थाना क्षेत्र के अल्लिका गांव निवासी मुकेश उसकी 15 वर्षीय बेटी का अपहरण करके ले गया। उसने बेटी को पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोश होने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी को जब होश आया तो उसने उसे धमकाया और फरार हो गया।

सब्जी मंडी के गोदाम से भारी मात्रा में पटाखे बरामद

जींद: सिटी थाना पुलिस ने पटाखा गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए हैं। दुकानदार के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सिटी थाना पुलिस रोहतक रोड पर गश्त कर रही थी। तभी उसे सूचना मिली कि नई सब्जी मंडी की दुकान में भारी मात्रा में बम और पटाखों का स्टॉक किया गया है। फायर ब्रिगेड विभाग के एलएमएफ विजय को साथ लेकर पुलिस ने छापेमारी की की।जब दुकान की जांच की गई तो वहां भारी मात्रा में पटाखे मिले। उनसे संबंधित लाइसेंस के बारे में पूछने पर दुकानदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

परीक्षा केंद्र पहुंचने से पहले मौत ले गई दोनों को

भिवानी : संयुक्त पात्रता परीक्षा देने बाइक से सिवानी जा रहे आसलवास दुबिया के पूर्व सरपंच मदन लाल व उनकी बेटी प्रीति की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा लोहानी गांव के पास हुआ। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से दोनों को नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब साढ़े छह बजे हुआ। शनिवार को प्रीति का सीईटी का पेपर था और उसका परीक्षा केंद्र सिवानी में था। वह अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर परीक्षा देने सिवानी जा रही थी। लोहानी गांव के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

युवक दूसरे की जगह दे रहा था सीईटी की परीक्षा, पकड़ा गया

हांसी : एसडी कन्या स्कूल में सरकारी पद पर तैनात युवक किसी अन्य युवक का सीईटी की परीक्षा देता हुआ पकड़ा गया है। बताया गया वह नरवाना में सिंचाई विभाग में ग्रुप डी के पद पर तैनात है।सेंटर में उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस छानबीन की जा रही है। बताया गया कि इस युवक ने परीक्षा के दौरान उसने सेंटर में एंट्री कर ली थी। विभाग द्वारा उसके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान उसका फेस मैच नहीं हुआ। प्रिंसिपल ने स्टॉफ की मदद से उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उसे पकड़ कर सिटी थाना में ले आई।

सिर पर ईंट मार कर पत्नी की हत्या की

हिसार : गांव मंगाली मोहब्बतपुर के एक व्यक्ति ने पत्नी से अनबन होने पर उसके सिर पर ईंटों से इतने वार किए जब तक कि वह मर नहीं गई।फिर वह उसका शव कार में डालकर भिवानी के तोशाम की झाड़ियों में फेंक कर वापस घर आया और आराम से सो गया।इसके बाद उसने 19 अक्टूबर को पत्नी की सदर थाना में गुमशुदगी की रपट दर्ज करवा दी। जब पुलिस को इस व्यक्ति अमित पर शक हुआ तो सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने पूरा सच उगल दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके निशानदेही पर शव को बरामद किया है। भिवानी के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपा गया।

आशीष ने नेशनल चैम्पियनशिप में बनाई जगह

बहादुरगढ़: स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की ओर से फरीदाबाद में आयोजित 3 दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में जी.डी. गोयनका विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्र आशीष गर्ग ने अंडर-19 में जीत का खिताब हासिल कर नैशनल चैम्पियनशिप में अपनी जगह सुनिश्चित की। पिछले माह 17 से 20 सितम्बर को यमुनानगर में आयोजित हुई कराटे प्रतियोगिता अंडर-19 में विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा आयुषी तोमर ने नैशनल लेवल के लिए दमदार दावेदारी दर्ज की। आशीष का नेशनल चैम्पियनशिप और आयुषी को नैशनल लेवल कराटे चैम्पियनशिप के लिए (एसजीएफआई) की ओर से चुना गया।

हरियाणा सरकार का पूरा फोकस योजनाबद्ध विकास करवाना : मनोहर लाल

सीएम ने दी नूंह के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 18 गांवों की फिरनियों को पक्का करने को मंजूरी

16 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगे फिरनी के रास्ते

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में ढांचागत विकास पर फोकस करते हुए घोषणा की कि जिला नूंह की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के 18 गांवों की फिरनियों को पक्का किया जाएगा, जिस पर करीब 16 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी।

मुख्यमंत्री ने नूंह जिला के दो दिवसीय दौरे के बाद नगीना खेल स्टेडियम से हेलीपैड पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार का पूरा फोकस योजनाबद्ध विकास पर है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के जिन 112 पिछड़े जिलों में विकास पर विशेष फोकस करने का बीड़ा उठाया है, उनमें हरियाणा का नूंह जिला भी शामिल है। नूंह जिला को विकास के मामले में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। सभी पैरामीटर के हिसाब से जिला को आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकारें प्रतिबद्ध हैं।

भादस गुरुकुल का किया दौरा,

फिरोजपुर झिरका में घोड़ा पुलिस चौकी फिर होगी स्थापित

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नूंह जिला के पहाड़ी क्षेत्र को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने व लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फिरोजपुर झिरका में जो पहले घोड़ा पुलिस चौकी होती थी, उसे फिर से स्थापित किया जाएगा। इससे पुलिस को भी गश्त करने में आसानी होगी। इसके अलावा नूंह जिला के कई और क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए पुलिस चौकियों की संख्या में वृद्धि की जाएगी।

सीएम जब अचानक काफिला रोक कर बच्चों से मिले

गांव भादस पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने जब बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चे देखे तो उन्होंने तुरंत अपना काफिला रूकवाकर बच्चों से मुलाकात की और सभी बच्चों को उनकी शिक्षा पर बातें की। इस अवसर पर सीएम ने बच्चों से कुछ सवाल भी किए। बच्चे भी सीएम से मुलाकात कर खुश नजर आए और उन्होंने खुलकर सीएम से बात की। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आप सभी देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। इसलिए होनहार नागरिक बन देश की सेवा को तत्पर रहना। उन्होंने बच्चों के साथ नारे लगाए कि देश की सुरक्षा कौन करेगा, जिस पर बच्चों ने पूरे जोश में कहा हम करेंगे- हम करेंगे। पत्रकारों द्वारा इस पर सवाल करने पर उन्होंने कहा कि उनका स्वभाव ही ऐसा है कि जब वे कहीं पर जाते हैं तो वहां के लोगों, बच्चों, महिलाओं से मिलते हैं, बातचीत करते हैं।

यज्ञशाला का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान गांव भादस स्थित गुरुकुल का भी दौरा किया तथा गुरुकुल में यज्ञशाला का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने गुरुकुल में स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया। गुरुकुल के आचार्य तरूण ने उन्होंने गुरुकुल की प्रतिदिन आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। सीएम ने कहा कि गुरुकुल की शिक्षा से हमें उच्च संस्कार व शिक्षा मिलती है। आज के समय भी गुरुकुल की शिक्षा प्रासंगिक है।

राजस्थान में भारत नवनिर्माण पार्टी का जेजेपी में विलय

जेजेपी के चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार,

भरोसा मित्र

जयपुर/चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी को राजस्थान में बड़ी कामयाबी मिली है। शनिवार को जयपुर में जेजेपी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भारत नवनिर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल जाखड़, राष्ट्रीय सलाहकार राजेश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राज व अन्य नेताओं ने अपने संगठन के साथ अपनी पार्टी का जेजेपी में विलय करने की घोषणा की।

बता दें कि भारत नवनिर्माण पार्टी पूरे राजस्थान में सक्रिय तौर पर कार्य कर रही है और जिला स्तर पर इनका संगठन भी बना हुआ है। भारत नवनिर्माण पार्टी के अध्यक्ष दीनदयाल जाखड़ झोटवाड़ा क्षेत्र में किसानों को सिंचाई का पानी दिलाने के लिए बांध की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। जाखड़ चार महीनों से नंगे पांव चलकर किसानों की

मांग को मजबूती दे रहे है ताकि झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को यमुना का पानी मिले सके। उनका कहना है कि जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होगी तब तक वे इसी तरह किसानों की मांग उठाते रहेंगे। इनके अलावा लाडनू से पूर्व विधायक स्व. रामधन चौधरी का परिवार व अन्य कई राजनीतिक लोग भी अपने समर्थकों सहित जेजेपी में शामिल हुए। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सभी को पार्टी का पटका पहनाया और उन्हें विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बदलाव के लिए निरंतर नए-नए साथी पार्टी से जुड़ रहे है और राजस्थान में जेजेपी को मजबूती मिल रही है। दीनदयाल जाखड़ के अलावा जेजेपी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक स्व. रामधन चौधरी के पुत्र रामनारायण सहारण, जिला परिषद उपाध्यक्ष व सरपंच रह चुकी रामनारायण की मां, नागौर से आदित्य होटल के स्वामी हरिराम कड़वासरा आदि शामिल है।

विदित रहे कि पिछले कुछ समय से कई पूर्व विधायक और कई बड़े राजनीतिक चेहरे जेजेपी के साथ निरंतर जुड़ रहे है। इनमें पूर्व विधायक मनीराम सियाग, पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, कांग्रेस विधायक की धर्मपत्नी रीटा सिंह जैसे कई बड़े नाम शामिल है।

जेजेपी में शामिल होने का कारण बताया

जेजेपी में विलय करने वाली भारत नवनिर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल और जेजेपी में शामिल होने वाले अन्य नेताओं ने कहा कि वे जेजेपी की नीतियों और हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की कार्यशैली से प्रभावित होकर जेजेपी में शामिल हुए है। दीनदयाल ने कहा कि वे चौधरी देवीलाल को अपना आदर्श मानते हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा किसानों के हित में उठाए जा रहे ऐतिहासिक कदमों से वे खासा प्रभावित हुए हैं। वे अब राजस्थान में जेजेपी की मजबूती के लिए काम करेंगे।

गोवा के 37वें नेशनल गेम्स में हरियाणा के 55 एथलीट दिखाएंगे अपना जौहर

यह प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेगी

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। गोवा में होने वाले 37वें नेशनल गेम्स में एथलेटिक्स हरियाणा के 55 खिलाड़ी अपना जौहर दिखाने के लिए पूरी तैयार हैं। बता दें कि यह प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक होगी। इसमें हरियाणा के 22 पुरुष और 33 महिला एथलीट की टीम शामिल हैं।

विशेष बात यह है कि इन खिलाड़ियों में अंबाला की मनप्रीत कौर भी शामिल है।

पर देशभर के खिलाड़ियों की निगाहें टिकी हुई हैं।मनप्रीत कौर ने मई माह में ही 26वीं नेशनल फैडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शॉटपुट इवेंट में 16 मीटर 57 सेंटी

मीटर थ्रो कर स्वर्णपदक जीतकर एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया था। वह एशियन चैंपियनशिप में पदक अपने नाम करने में सफल नहीं हो सकी थी, लेकिन फिर भी देश को उनके हुनर का इंतजार है।वर्ष 2022 में चेन्नई में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में इंटर स्टेट सीनियर चैंपियनशिप मुकाबले में 18.06 मीटर दूर शॉटपुट फेंककर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया था। मनप्रीत के अलावा 5 हजार मीटर दौड़ में अंबाला के गुरप्रीत के प्रदर्शन का भी सबको इंतजार है।

किसानों को करवाना होगा केवाईसी के साथ भूमि रिकॉर्ड और आधार का सत्यापन

इसके बाद मिलेगी पीएम किसान निधि योजना की 15वीं किस्त

हरियाणा के 18,85,915 किसान योजना के तहत लाभार्थी हैं, पर सत्यापन न करवाने की वजह से 558548 किसान 15वीं किस्त से वंचित रह जाएंगे

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सरकार ने ई -केवाईसी की अनिवार्यता की गई है। इसके तहत अब किसानों को भूमि रिकॉर्ड और आधार का सत्यापन करवाना अनिवार्य कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हरियाणा के 18,85,915 किसान लाभार्थी हैं, लेकिन सत्यापन न करवाने की वजह से 558548 किसान 15वीं किस्त से वंचित रह जाएंगे। ई-केवाईसी के साथ भूमि रिकॉर्ड और आधार का सत्यापन न कराने वाले किसानों के खाते में 2000 रुपये की किस्त नहीं आएगी। इस बार 1327367 किसानों के खाते में यह किस्त अगले महीने आने की उम्मीद है।

किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सालाना 3 किस्तों में 6 हजार रुपये दिए जाते हैं। जिनकी खेती की जमीन पांच एकड़ से कम है, वे इस योजना के तहत लाभार्थी हैं। लाभार्थियों को पिछली किस्त जुलाई में मिली थी। लेकिन इस बार गड़बड़ी रोकने के लिए तीन तरह से सत्यापन किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन किसानों ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उनके लिए अब भी मौका है। आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं। ऐसे किसान नजदीकी सीएससी पर जाकर जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करें।

करनाल में कलयुगी बेटे ने मां-बाप को मारे चाकू

भरोसा मित्र

करनाल। मोहिउद्दीनपुर गांव में संपत्ति से बेदखल करने से गुस्साए बेटे ने मां-बाप पर चाकुओं से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। इतना ही नहीं उसने बीच बचाव करने आए भाई पर भी उसने वार कर दिए। आरोपी बेटा इसके बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने माता पिता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में मोहिउद्दीनपुर निवासी लक्ष्मण दास ने बताया कि उसके तीन बेटे हैं। जिनमें नरेंद्र, सुधीर और अश्वनी और एक बेटी सुमन है। उसका बेटा नरेंद्र उनके साथ लड़ाई-झगड़ा करता रहता था। इस कारण उसने बेटे को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को उसका बेटा नरेन्द्र घर पर आया। यहां उसने गोली गलौज करना शुरू कर दिया। जब इसका विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच नरेन्द्र ने उस पर चाकू से वार कर दिया। बीच-बचाव करने आई मां पर भी हमला कर दिया। इसके बाद शोर सुनकर जब दूसरा बेटा अश्विनी वहां बचाने के लिए आया तो उसे भी चाकू मारकर घायल कर दिया।

कबड्डी खिलाड़ी पूजा हथवाला का सोलधा गांव में हुआ सम्मान

खुली जीप व बाइकों के काफिले में स्वागत सभास्थल तक ढोल के साथ लाया गया

प्रमोद शर्मा, भरोसा मित्र

बहादुरगढ़। चीन में हुए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय महिला कबड्डी टीम की स्टार रेडर पूजा हथवाला का गांव सोलधा में शनिवार को सम्मान किया गया।

काजला खाप व भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी व समस्त ग्रामवासियों ने फूल मालाएं व नोटों की माला पहनाकर भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य स्वर्ण पदक विजेता पूजा हथवाला का सम्मान करते हुए भविष्य में इसी तरह खेल प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने का आशीर्वाद दिया।

खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन रामपाल काजला व राष्ट्रीय संरक्षक धर्मवीर काजला के साथ खाप के पदाधिकारियो ने पूजा काजला को सम्मान सूचक पगड़ी बांधकर व शाल

भेंट करके काजला गौरव का प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिया। मुकाबले में 26 अंकों में से 13 अंक लेकर टीम को स्वर्ण पदक दिलाने मे अहम रोल अदा करने वाली बेटी पूजा काजला को नया गांव चौक से खुली जीप व बाइकों के काफिले में स्वागत सभास्थल तक ढोल के साथ लाया गया। खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन रामपाल काजला ने कहा कि पूजा ने रेड में 13 अंक प्राप्त करके इतिहास रचा है और कबड्डी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम रोल अदा किया है। खाप को अपनी होनहार बेटी पर नाज व गर्व है जिसने देश-प्रदेश न काजता खाप का भी नाम नोशन किया हैं। नवीन बंटी ने पूजा का सम्मानक करते हुए कहा कि हरियाणा की बेहतरीन खेल नीति का ही परिणाम है कि इसे सर्वश्रेष्ठ साबित करने का काम किया है। राष्ट्रीय संरक्षक धर्मबीर काजला, धर्मवीर काजला, गंगाराम काजला,राजमलं, काजला, सज्जन पटवारी, मानसिंह काजला, राजकुमार, महेन्द्र काजला, डा. मनोज काजला विजयपाल, सरपंच लक्ष्मी देवी, परमजीत काजला, मनोज काजला व हरिओम आदि मौजूद थे।

पुलिस बलों पर देश की सीमाओं व आंतरिक सुरक्षा का दायित्व : कपूर

भरोसा मित्र

पंचकूला। डीजीपी कपूर ने कहा कि आज हम भारतीय पुलिस सेवा के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए हैं,जिन्होंने देश की कानून-व्यवस्था को कायम रखने, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने तथा नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। वह आज पुलिस लाइन में पुलिस शहीदी दिवस के अवसर पर 'पुलिस शहीद स्मारक' पर पुष्प चक्र अर्पित कर भारतीय पुलिस बल के 188 शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उपस्थित सहयोगियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन हरियाणा पुलिस और भारतीय पुलिस सेवा के उन वीर सपूतों के अदम्य

साहस और कर्तव्य-परायणता को समर्पित है, जिसके चलते हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य के गठन से लेकर अब तक 83 पुलिसकर्मियों ने राज्य और इसके नागरिकों की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। कपूर ने बताया कि पुलिस बलों पर देश की सीमाओं की सुरक्षा करने के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा का दायित्व होता है, ताकि देश के भीतर और सीमाओं पर शांति कायम रहे। इस संवेदनशील कार्य में सेना के साथ-साथ सभी राज्यों की पुलिस और दूसरे अर्द्धसैनिक बलों की जिम्मेदारी भी ज्यादा बढ़ जाती है। कपूर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कर्तव्य परायणता के दौरान प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

पड़ताल मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गठित की समिति

सम्राट मिहिर भोज गुर्जर थे या राजपूत, जांच करेंगे अधिकारी

करनाल रेंज कमिश्नर की अध्यक्षता में समिति इतिहास खंगालकर करेगी जांच

शशिभूषण मित्र, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। सम्राट मिहिर भोज को लेकर गुर्जर और राजपूत के बीच देश के विभिन्न राज्यों में विवाद के समाधान करने के लिए हरियाणा सरकार ने एक नई पहल की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार ने राजपूत व गुर्जर समाज के बीच सामाजिक सौहार्द बरकरार बनाए रखने की दिशा में सम्राट

मिहिर भोज के बारे में ऐतिहासिक तथ्यों की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है।

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने इस आशय का आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार करनाल के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एक साथ सदस्यीय समिति का गठन किया है।

इस समिति में करनाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उपाध्यक्ष और कैथल के उपायुक्त इसके सदस्य सचिव होंगे। जबकि कैथल के पुलिस अधीक्षक, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के इतिहास के दो प्रोफेसर राजीव लोचन और प्रियतोष शर्मा तथा दोनों समुदायों के प्रतिनिधि के रूप में दोनों पक्षों के दो वकील गुर्जर और राजपूत इसके सदस्य होंगे। समिति चार सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

पूर्वज को लेकर चल रहा विवाद

गौरतलब है कि कि पिछले काफी दिनों से सम्राट मिहिर भोज को लेकर हरियाणा में ही नहीं, बल्कि यूपी व मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में गुर्जर और राजपूत समाज में इस बात को लेकर विवाद चला आ रहा है कि दोनों ही पक्ष सम्राट को अपना पूर्वज बताते है। इसलिए हरियाणा सरकार ने सम्राट मिहिर भोज किस समुदाय के पूर्वज है की जांच के लिए समिति बनाई गयी है। इस मसले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सराहनीय पहल की है। कुछ राजनीतिक दल इसे चुनाव में भुनाने की फ़िराक़ में थे, इस कमेटी के गठन से उनके राजनीतिक मंसूबों पर पानी फिरता दिख रहा है। इस मसले पर लम्बे समय से देशभर में दोनों जातियों में तकरार बढ़ती जा रही है। मनोहर लाल सरकार के इस फैसले से इस विवाद पर हमेशा के लिए विराम लग जाएगा।

पशु मेले में पहुंचे कई खरीददार व विक्रेता

झज्जर। इस बार मां भीमेश्वरी देवी मंदिर के पास नवरात्र में पशु मेले का आयोजन किया गया है। मेले में मारवाड़ी, संधि, नुकरा आदि विभिन्न प्रकार की किस्म के घोड़े आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। पशुपालक इन्हें विशेष रूप से सजाकर मेले में प्रदर्शनी और बेचने के लिए लाए थे। मेले में अव्वल किस्म की नस्ल के घोड़े अभी केवल प्रदर्शनी के लिए लाए गए हैं। अभी मेले में कम दाम वाली किस्में ही आई हैं, अभी ऊंची किस्मों के घोड़े आना बाकी हैं। मेले में कुछ घोड़े ऐसे भी आते है, जिन्हें बोली लगाकर भी खरीदा जाता हैं। पशुपालक मेले में अपने घोड़े-गधे आदि को रंग-बिरंगी वेशभूषा पहनाकर लाते हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खबर फटाफट

माता के दर्शनों के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़

नारनौल। महासर दुर्गा माता मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। गांव मुंडिया खेड़ा के सरपंच पवन कुमार माता मंदिर में पेट के बल गांव से पहुंचा। सरपंच ने बताया कि इस प्रकार की कठिन यात्रा करने के लिए माता रानी शक्ति प्रदान करती है। माता रानी की अपार आस्था इस काम के लिए उन्होंने प्रेरित किया। हालांकि दिन में तप्ती धूप उनकी तपस्या जरूर ली। सरपंच पवन ने बताया कि पेट के बल माता के दरबार में पहुंचकर माता के दर्शन कर उनको बहुत अच्छा सुगन मिला। महासर माता मंदिर में दूर दराज से श्रद्धालु आकर मां से मन्नते मांगते है। बिना चप्पल जूते सुबह घर से अनेक श्रद्धालु मां के दरबार में हर दिन पहुंचते है। माता के दरबार में अनुशासन बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन यहां दिन रात ड्यूटी दे रहा है। माता के दरबार में पूरे दिन देशी घी का भंडारा चलता रहता है।

वाटिका थर्ड कैंप में 80 अध्यापकों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद में चल रहे छह दिवसीय बाल वाटिका थर्ड कैंप का आज समापन किया गया। जिसमें ब्लॉक रिसोर्स पर्सन मुकेश शर्मा ने सर्टिफिकेट बांटे। इन 6 दिनों के दौरान 80 अध्यापकों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया। जिसमें 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को पढ़ाने की नई-नई टिप्स दी गई। बच्चों को पढ़ाने के नए आयाम, कौशल आदि की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर मुन्नी देवी,सुरेंद्र कुमार, मंजू देवी, सरला देवी ने बताया कि बच्चों को पढ़ाने की अपेक्षा शुरू में बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना है व बच्चों को एक्टिविटी बेस्ड सिखाना व करके सिखाने पर बल देने के लिए कहा। कार्यक्रम का आयोजन अजीत सिंह बीआरपी, रोहताश सिंह बीआरपी, संजय कुमार, एबीआरसी, सिंह राज एबीआरसी आदि ने किया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सत्यवीर सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग से हमारे स्कूल में बच्चों को पढ़ाने में सहयोग मिलेगा व बच्चों को नई-नई जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर राम सिंह, शुभ राम, भीम सिंह, विक्रम सिंह, दिनेश कुमार, नवीन कुमार, सोमदत्त धर्मा मैडम, इंदुबाला, रेखा, सुषमा मैडम आदि उपस्थित थे।

साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता ही बेहतर उपाय

नारनौल। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार साइबर थाना की टीम द्वारा पुलिस लाइन नारनौल के ग्राउंड में लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरुकता व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का बेहतर उपाय है। टीम ने व्हाट्सएप व ई-मेल पर आने वाले फर्जी लिंक से सावधान रहने की सलाह दी है। टीम ने बताया कि व्हाट्सएप या ई-मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक पर बैंक संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। आपकी थोड़ी सी चूक आपकी सालों की मेहनत की कमाई गंवा सकती है। इसलिए लोगों को अपने ई-मेल या वाट्सएप पर ऐसे लिंक पर क्लिक करते समय आवश्यक सावधानी व सतर्कता बरतनी चाहिए। साइबर ठगों द्वारा आमजन को घर बैठे हजारों व लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर बैंक सम्बधित जानकारी हासिल कर ठगी का शिकार कर सकते हैं। इसलिए किसी लोभ या लालच में आकर व्हाट्सएप या ईमेल पर कोई भी जानकारी साझा ना करें। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के फर्जी या असत्यापित लिंक को न खोलें और अज्ञात नंबरों द्वारा भेजे गए ओटीपी को साझा करने से बचें, क्योंकि इससे हैकर्स को आपकी निजी जानकारी हासिल हो सकती है। अपने निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए व्हाट्सएप की प्राइवेसी को सार्वजनिक ना करें तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन मैसेज जैसे लाटरी, रिचार्ज कूपन व डिस्काउंट के झांसे में आकर अपनी बैंक डिटेल व पहचान साझा ना करें।

बोरवेल मशीन का पाइप गिरने से मजदूर की मौत, मामला दर्ज

नारनौल। बोरवेल मशीन का पाइप गिरने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर लापरवाही का मामला दर्ज कर्ज शुरू की।

अटेली मंडी में एक बोरवेल करते समय मशीन की डोली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि मशीन चालक ने मेरे भाई को सेफ्टी उपकरण नहीं दिए हुए थे जिससे मेरे भाई की मौत हुई। नारनौल के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव को परिवार के लोगों को सौंप दिया। गुजरवास गांव में रेवाड़ी के मंदोला निवासी मोनू बोरवेल मशीन पर कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है की इस दौरान मशीन का ब्रेक फेल हो गया, जिससे युवक के ऊपर पाइप गिर गया। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया।

खड़ी गाड़ी से तोड़फोड़ करने के मामले में एक गिरफ्तार

नारनौल। स्थानीय रेवाड़ी रोड पर महिंद्रा वर्क शॉप के सामने खड़ी गाड़ी से तोडफ़ोड़ करने के मामले में थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने एक आरोपी योगेश उर्फ बज्जर वासी गोद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लोहे की रॉड बरामद की है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता राजवीर वासी छापड़ा बीबीपुर नांगल चौधरी में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया था कि दिनांक 9 अक्टूबर को वह उसकी बुलेरो कैम्पर गाड़ी को महिंद्रा वर्क शॉप रेवाड़ी रोड नारनौल के गेट के सामने खड़ी करके गया था, जो गाड़ी की सर्विस करवानी थी। उसने बताया कि शाम के समय उसके पास महिंद्रा वर्क शॉप से टेलीफोन आया कि आप की गाड़ी को 3/4 लड़कों ने कुल्हाडी व लाठी डंडों से तोड़ फोडक़र दिया और एक लडक़ा दोनों हाथों में कट्टे लिया हुआ था और जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र जरूरी: ओम प्रकाश

परिषद के रंगमंच पर कोप भवन और राम वनवास की बेहतरीन लीला का मंचन

अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसी उद्देश्य से परिवार पहचान पत्र शुरू किया है

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र जरूरी है। इसलिए किसी भी परिवार की फैमिली आईडी में कोई त्रुटि है तो उसको ठीक करवाएं ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज सीताराम मैरिज पैलेस में आयोजित पीपीपी समस्या समाधान कैंप में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कही। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का निष्पक्ष लाभ मिले इसी उद्देश्य से परिवार पहचान पत्र शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की 136 योजनाएं इस पीपीपी पोर्टल से जुड़ी हुई है। जाति-प्रमाण पत्र, इनकम सर्टिफिकेट, मैरिज सर्टिफिकेट, बच्चों की स्कॉलरशिप योजना, बुढ़ापा पेंशन, विवाह योजना व स्वयं सहायता समूह जैसी प्रमुख योजनाएं हैं जो पोर्टल पर बिना किसी फाइल के आवेदन किया जा सकता है और उसके फोन पर रसीद उपलब्ध होती है। अब किसी कार्यालय में चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होती। चंडीगढ़ से स्पेशल अधिकारियों की टीम ने परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक किया। कैंप में पिता का नाम, माता का नाम, दिव्यांग, जन्मतिथि, मैरिटल स्टेटस, आय, स्पाउस का नाम, शैक्षणिक योग्यता आदि सभी प्रकार की त्रुटियों को ठीक किया गया। इस मौके पर फैमिली आईडी के संयोजक व पूर्व रेवाड़ी भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश खोल ने कहा कि पूरे हरियाणा में परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए मेलों का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कैंप में 2442 लोग पहुंचे

नारनौल। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारियों का मंत्री ओम प्रकाश यादव ने बताया कि सुबह 9 बजे से सीताराम धर्मशाला में फैमिली आईडी व अन्य समस्याओं के लिए को लेकर शुरू हुए कैंप में शाम 5 बजे तक 2442 लोग पहुंचे जिन में से 360 लोग पीले कार्ड बनवाने के लिए पहुंचे थे, 65 लोग गुलाबी कार्ड बनवाने के लिए पहुंचे थे, 390 लोग बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए पहुंचे थे, 1000 लोग इनकम ठीक करवाने के लिए पहुंचे थे, इनकम ठीक करवाने वाले लोगों के आवेदन ले लिए गए हैं उनकी थर्ड पार्टी भेज कर इनकम जांच करवाई जाएगी और जल्द ही इनकम जांच दुरुस्त कर दी जाएगी। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने बताया कि 260 लोग फैमिली आईडी को परिवार से अलग करवाने के लिए पहुंचे थे जिनके टेलीफोन नंबर व शिकायत को लगाए गए कैंप में अधिकारियों ने नोट कर लिया है व जब भी सरकार द्वारा अलग फैमिली आईडी बनाने का निर्णय लिया जाएगा इस शिकायत को भी ठीक कर दिया जाएगा साथ ही उन्होंने यह बताया कि इस कैंप में लगभग 100 लोग व्यवसाय ठीक करवाने के लिए आए थे उनकी भी शिकायत को अधिकारियों ने नोट कर लिया व टेलीफोन नंबर नोट कर लिए हैं सरकार द्वार फैमिली आईडी में व्यवसाय ठीक करने का निर्णय लिया जाएगा। तब इस शिकायत को भी दूर कर दिया जाएगा। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने बताया कि सुबह 9 बजे से लगभग 5 बजे तक चले इस कैंप में लोगों की हर शिकायत से उन्हें संतुष्ट किया गया है और भविष्य में भी इस तरह के कैंप लगाकर फैमिली आईडी व अन्य शिकायतों को दुरुस्त किया जाएगा।

विधायक ने नांगल चौधरी व निजामपुर के सरपंचों को दिया रैली का निमंत्रण

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। विनायक गार्डन नांगल चौधरी में नांगल चौधरी एवं निजामपुर ब्लॉक के सरपंचों के साथ डा. अभय सिंह यादव विधायक ने विस्तृत चर्चा करते हुए अनुरोध किया कि 10 दिसंबर रविवार को दौंगड़ा अहीर में होने वाली जनविश्वास रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने की अपील करें तथा इस रैली को कामयाब करने में वह अपना पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी हलका उनकी राजनीति का उद्गम स्थल है और इस हलके की वजह से ही उन्हें 10 साल क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला है। हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा समस्त जिले में अभूतपूर्व कामों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान कि पिछले 9 साल में भरपूर पैरवी की है। उन्होंने सरपंचों से कहा कि प्रस्तावित जन विश्वास रैली उनकी राजनीति का एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा। अत- उनसे अनुरोध किया कि एक परिवार की तरह सभी सरपंच इस कार्य में मेहनत करें तथा नांगल चौधरी हल्के की उपस्थिति प्रभावी रूप से रैली में दर्ज करवाएं। उन्होंने यह भी बताया की 25 अक्टूबर से वे अपना ग्राम ग्रामीण संपर्क अभियान शुरू करेंगे । इसके तहत प्रत्येक गांव में जनसभा के माध्यम से लोगों से उक्त रैली में भाग लेने की अपील करेंगे। सभी सरपंचों ने एक आवाज में विधायक को आशवस्त किया कि जन विश्वास रैली को हर तरह से सफल बनाने के लिए वह भरपूर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, नांगल चौधरी पंचायत समिति के अध्यक्ष कर्मपाल यादव, निजामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद यादव व पंचायत समिति नांगल चौधरी व निजामपुर के सदस्य एवं उक्त दोनों खंडों के सरपंच उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री उडऩदस्ते ने बल्लभगढ़ क्षेत्र में अवैध अहाते पर की रेड

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आईएमटी बल्लभगढ़ में गांव बुखारपुर रोड पर सुखदेव लाइसेंसी के शराब ठेका अंग्रेजी व देशी की चारदीवारी व दुकान के पीछे अवैध रूप से अहाता चलाया जा रहा है। जिसके बाद सूचना के आधार पर जगदीश निरीक्षक, शिव कुमार व प्रभु दयाल मुख्यमंत्री उडऩ दस्ता फरीदाबाद की टीम द्वारा राकेश शर्मा एईटीओ आबकारी विभाग फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस के साथ आईएमटी से गांव बुखारपुर रोड पर बने शराब अंग्रेजी व देसी ठेका के साथ वाले अन्य कमरों में चल रहे अवैध अहाता को चेक किया गया। इस अवैध अहाता पर राहुल सेल्समैन व आकाश मौके पर मिलें, जो आम लोगों को शराब पीने के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा था। संयुक्त टीम के अधिकारियों द्वारा शराब ठेका के साथ अहाता चलाने बारे वैध दस्तावेज पेश करने बारे कहा, लेकिन वह मौका पर कोई दस्तावेज पेश नही कर सका। इस अवैध अहाता पर कार्यवाही करते हुए एईटीओ राकेश शर्मा द्वारा शराब लाइसेंसी सुखदेव के खिलाफ आबकारी नीति 2023-24 के नियमों की उल्लंघना किये जाने बारे ब्रीच ऑफ एक्साइज पॉलिसी के तहत कार्यवाही की गई है।

विधायक ने फीता काटकर व स्वयं डंडोत कर किया परिक्रमा का शुभारंभ

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद।श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी द्वारा ओल्ड फरीदाबाद गोपी कालोनी चौक के प्रेमप्रकाश आश्रम से ढोल नगाड़ो और बैड़ बाजे के साथ निकाली भव्य डंडोत परिक्रमा का आज विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने फीता काटकर व स्वयं डंडोत करके शुभारंभ किया। डंडोत से पूर्व निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा, परविन्दर मल्होत्रा, प्रधान सन्नी नारंग, सह.अध्यक्ष सतीश आहूजा, कोषाध्यक्ष हेमंत खुराना, महासचिव पीयूष ग्रोवर, पवन डाबर, बंसत विरमानी, डा.सुरेन्द्र दत्ता, निर्वतमान पार्षद छत्रपाल, चन्दर गेरा, दीपक कपिल व विशेष अतिथिगण यशपाल गांधी, आर.के.चिलाना, सोम मल्होत्रा, किशन नासा, विदुर सोगी, सुशील चौधरी ने प्रेमप्रकाश आश्रम में पूरे विविध विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि वह डड़ोत परिक्रमा में भाग लेने वाले महावीर के रूप में भक्तों जिसमें बाबू ग्रोवर, अंश सोनी, चिराग बतरा, पुरब अरोड़ा, नमन गांधी, दिपांशु, जैनिश अरोड़ा को नमन करते है जो इतनी कड़ी तपस्या करके इसमें भाग लेते है। उन्होनें कहा कि हम सभी को भगवान श्रीराम के बताए हुए मार्ग पर चलकर हिन्दू धर्म समाज को और मजबूत करना है और सदैव धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहना है। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों को शॉल व गमछा देकर सम्मानित किया गया।

हरियाणा स्कूल स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के समापन

पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने की शिरकत

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। फरीदाबाद के सेक्टर-12 में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग ट्रस्ट द्वारा हरियाणा स्कूल स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें अंडर-14, 17 व 19 के मैच हुए। उक्त टूर्नामेंट में प्रदेश के सभी जिलों से मिलाकर लगभग 845 खिलाडिय़ों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ-साथ संयोजक राजीव गोदारा का धन्यवाद किया और सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस मौके पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हमारे खिलाडिय़ों कों प्रशिक्षित करने वाले कोच विशेष बधाई के पात्र हैं क्योंकि खेलो में जो हमारे खिलाडी आये दिन मैडल ला रहे हैं ये इनकी मेहनत का ही परिणाम हैं और खिलाडिय़ों की लगन का नतीजा हैं की पहले देशा मे देश हरियाणा जित दूध दही का खाना कहा जाता था वही आज हरियाणा कों मैडल की खान कहा जाता हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि जब से हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 2014 से प्रदेश ओर देश की कमान संभाली है तब से खिलाडिय़ों में मनोबल बढ़ा है फिर वो बेशक खिलाडिय़ों को मिलने वाली सुविधा हो या खिलाडिय़ों को मिलने वाली ईनाम की राशि हो। पूर्व मंत्री ने कहा कि खिलाडिय़ों कों बेहतर सुविधाएं देने के लिए मनोहर सरकार प्रतिबध हैं। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने लोगों कों कहा कि बतौर विधायक और फिर मंत्री बनने के बाद उन्होंने स्वयं भी फरीदाबाद के खिलाडिय़ों कों खेलो में आगे बढऩे के लिए सुविधाएं प्रदान करते हुए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में अंतराष्ट्रीय स्तर के हॉकी एस्ट्रोट्रफ और एथलेटीक ग्राउंड के साथ-साथ इंडोर स्टेडियम और आईपीएल मैच के स्तर का क्रिकेट ग्राउंड तैयार करवाने का काम भी 150 करोड़ की लागत से पास करवाया गया जिसका निर्माण कार्य चल रहा हैं और जल्द ही इससे फरीदाबाद व आसपास के क्षेत्रो के लाखो खिलाडिय़ों कों लाभ होगा। इस मौके पर आयोजनकर्ताओं ने पूर्व मंत्री कों मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया की सर्व हितैषी सोच और सबका साथ सबका विकास का परिणाम हैं ।

गांव खटोटी के युवा ने लव मैरिज के बाद परिजनों से तंग आकर की आत्महत्या

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला व उनके परिजनों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की

नारनौल। गांव खटोटी कलां में एक युवक ने लव मैरिज करने के बाद उसके परिजनों से तंग आकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जिस समय युवक ने लव मैरिज की थी, उस समय उसे यह नहीं पता था कि लव मैरिज करने वाली महिला के तीन बच्चे भी हैं। जब उसको इस बारे में पता चला तो उसे बड़ा झटका लगा। वही लव मैरिज करने वाली महिला का बड़ा लडे ा उसके साथ मारपीट भी करने लगा। वहीं उसकी पत्नी के भाई ने भी परेशान करना शुरू कर दिया। जिसके चलते ही उसने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस बारे में मृतक युवक के पिता ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला व उनके परिजनों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शुरू कर दी है।

गांव खटोटी कलां के कृष्ण कुमार ने बताया कि उसका लडे ा संदीप गुरुग्राम में टैक्सी चलाता था। 2022 में उसने रेवाड़ी जिला के गांव जड़थल के रहने वाले प्रीति नामक महिला के साथ लव मैरिज कर ली। प्रीति ने जब लव मैरिज की तब उसने यह नहीं बताया कि उसके तीन लडे हैं। जब उसके लडे को पता चला तो उसने अपने परिवार वालों से कहा कि उसके साथ धोखा हुआ है। वहीं प्रीति ने शादी के बाद से ही उसे तंग करना शुरू कर दिया। प्रीति के बड़े लडे ने संदीप के साथ मारपीट की। वहीं प्रीति के भाई शैलेश ने भी कई बार संदीप के साथ मारपीट की तथा धमकी दी।

वही जाति सूचक गालियां भी दी। शिकायत में बताया गया है कि प्रीति ने कई बार उसके बेटे संदीप से पैसे भी लिए तथा संदीप की बाइक भी अपने नाम करवा ली।

इसी बात से आहत होकर संदीप ने फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला भी दर्ज कर लिया गया।

पुष्पक विमान से हवा में हर ले गया रावण सीता को...

राम से प्रेरणा लेकर मर्यादित जीवन जीना चाहिए: नवीन राव

भरोसा मित्र ब्यूरो

महेंद्रगढ़। रामलीला परिषद के राजाराम पालडी रंगमंच पर भरत मिलाप व सीता हरण की अदभुत लीला के मंचन के दौरान रावण द्वारा आकाश मार्ग से मां सीता को वायु मार्ग से ले जाने के हैरतअंगेज दृश्य को देख कर अपार जनसमूह ने जमकर तालियां बजायी। इतना ही नहीं सीता हरण के समय माँ जानकी का आकाश में ही गाया गया विरह गीत भी काफी चर्चा का विषय रहा। बता दें कि हरियाणा प्रदेश की किसी भी रामलीला में आकाश मार्ग से पुष्पक विमान में सीता हरण का दृश्य नहीं दिखाया जाता। इस अवसर पर जिला गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान अधिवक्ता राकेश मेहता व समाजसेवी नवीन राव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। राकेश मेहता व नवीन राव ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। रामलीला का मंचन देखने के लिए इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों का आना इस बात का प्रमाण है कि लोग आज भी अच्छी चीज देखना पसंद करते हैं। रामायण के एक एक संसर्ग में संस्कारों को जीवित रखने के लिए प्रेरित किया जाता है। उक्त उद्गार अधिवक्ता राकेश मेहता ने रामलीला प्रांगण में उपस्थित हज़ारों लोगों को संबोधित करते हुए प्रकट किए। नवीन राव ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक घर में रामायण का पाठन करना संस्कारों को जीवित रखना है। रावण के अभिनय में दिनेश मेहता और सीता के अभिनय में पंकज यदुवंशी के संवादों ने दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी। सीता हरण के पश्चात भगवान राम का सीता के विरह में रुदन से भरा दृश्य देख दर्शकों की आंखें नम हो गई। राम के अभिनय में रवि सैनी, लक्ष्मण के अभिनय में चन्द्रमोहन, खर-दूषण के लक्की यादव पुनीत भारद्वाज, अगस्त्य ऋषि के कमल, शबरी के अभिनय में सतीश गौड़ को दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्यातिथि राकेश मेहता व नवीन राव को दयाशंकर तिवाड़ी, अनिल कौशिक, दिनकर बोहरा, अमित मिश्रा, सुरेश पंचोली, सोहन टैनी, अनिल सेठ, सुशील बिढ़ाट ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक चेतनप्रकाश गौड़, घीसाराम सैनी, अनिल सरपंच, जयप्रकाश मिश्रा, भूषण गोयल, मुकेश झूकिया, जुगल राजस्थानी, रामचन्द्र जांगड़ा, अशोक जांगड़ा, सुरेश मक्कड़, सुरेश लावणिया, शरद कनौडि ा, राजेन्द्र पोपली, राजेश बोहरा, नीरज तिवाड़ी, साहिल अरोड़ा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

ग्रुप डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के दौरान परीक्षार्थियों की रही आवाजाही

नारनौल बस स्टैंड से राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के लिए 149 बसें हुई रवाना

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। राज्य कर्मचारी चयन आयोग की ओर से ग्रुप डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के चलते दिन भर शहर में गहमागहमी रही। बस स्टैंड पर जहां सुबह 3 बजे से ही परीक्षार्थियों की आवाजाही रही। वहीं परीक्षा केंद्रों पर भी सुबह से ही भीड़ देखी गई। नारनौल से राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नारनौल बस स्टैंड से 149 बसे रवाना हुई। वहीं नारनौल के बीच परीक्षा केंद्रों पर राज्य भर से हजारों की संख्या में परीक्षार्थी पहुंचे।

राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा शनिवार और रविवार को ग्रुप डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के चलते नारनौल शहर में आसपास 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन 20 परीक्षा केंद्रों पर हजारों की संख्या में बच्चे परीक्षा देने के लिए आए। आयोग की तरफ से परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की जा रही है। जिसकी पहली शिफ्ट में सुबह 10 बजे से 11ः45 बजे तक परीक्षा आयोजित हुई। वहीं दूसरी शिफ्ट में दोपहर बाद 3 बजे से शाम को 4ः45 बजे तक परीक्षा होगी। पहली शिफ्ट के लिए परीक्षार्थियों की सुबह 9ः30 बजे तक एंट्री थी। यह परीक्षा शहर के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में आयोजित की गई। सीईटी की ग्रुप डी की परीक्षा के चलते सुबह 3 बजे से ही गहमागहमी रही। सुबह 3 बजे फरीदाबाद व हिसार केंद्रों के लिए बसों को रवाना कर दिया गया। जिसमें जिला से सैकड़ो परीक्षार्थी गए। वहीं सुबह 7ः30 बजे से ही नारनौल के केंद्रों पर परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी आने लगे थ। नारनौल के बस स्टैंड से विभिन्न केंद्रों के लिए परीक्षार्थियों की 149 बसों को दोनों शिफ्टों के लिए रवाना किया गया। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की थ्री लेयर की चेकिंग हुई। सबसे पहले परीक्षार्थी की एंट्री गेट पर स्कूल के स्टाफ द्वारा चेकिंग की गई। इसके बाद पुलिस कर्मचारियों द्वारा चेकिंग की गई। वहीं अंदर परीक्षा स्टाफ द्वारा चेकिंग की गई। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार का सामान नहीं ले जाने दिया गया। वहीं परीक्षा देने से पूर्व परीक्षार्थियों के थंब इंप्रेशन और फोटो ली गई।

22 page 8_01.qxd 10/21/2023 7:40 PM Page 1